'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 56 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए शनिवार, 11 मई 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

# कांग्रेस के 70 सालों पर भारी रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस साल : कृष्णपाल गुर्जर

## भाजपा प्रत्याशी का होडल व पृथला गांवों में हुआ जोरदार स्वागत

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने विपक्ष की कार्यशैली पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी के एजेंडे में देश है, जबकि विपक्ष के एजेंडे में मोदी है, उनका एक ही लक्ष्य है कि किसी तरह मोदी को हटाया जाए। विपक्ष के पास मोदी के सामने कोई चेहरा ही नहीं है,चरित्र वो पहले ही खो चुके है, सभी घोटालेबाज है और जमानत पर छूटे है इसलिए ऐसे झूठे और भ्रष्टाचारियों के प्रलोभनों में न आकर एक बार फिर से देश में भाजपा की बहुमत की सरकार चुने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करें। श्री गुर्जर पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव बाघौला में तुलाराम सरपंच एवं होडल विधानसभा क्षेत्र के गांव पेलक, गुदराना, खाम्बी, पेंगलतू, वांसवा, बाबरी मोड, अंधुआ पट्टी व होडल में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रुप से पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत व विधायक जगदीश नायर मौजूद थे। गाँवों में आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का क्षेत्र की मौजिज सरदारी की ओर से सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर एवं बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया गया। और मौजूद लोगों ने दोनों हाथ उठाकर कृष्णपाल गुर्जर का अभिवादन किया और उन्हें भारी मतों से तीसरी बार विजयी बनाकर संसद भेजने का भरोसा दिलाया। सर्वप्रथम भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने उपस्थितजनों को भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के 70 सालों पर मोदी सरकार के दस वर्ष भारी रहे है, 70 सालों में जहां देश को केवल एक



एम्स अस्पताल मिला, जबकि मोदी के दस सालों में देशभर में 17 एम्स अस्पताल नए खोले गए, इसके अलावा देश को जहां आंतरिक रुप से मजबूत किया गया वहीं देश की सीमाओं को भी सुरक्षित किया गया। देश में नित-नए हाईवे बनाए गए, यूनिवर्सिटियों का निर्माण हुआ, मेडिकल क्षेत्र में देश आगे बढ़ा और अनेकों आईआईटी, आईआईएम सहित औद्योगिक क्षेत्र में भी नई क्रांति आई। श्री गुर्जर ने फरीदाबाद के विकास की बात करते हुए कहा कि पहले आप फरीदाबाद से बांके विहारी जाते थे तो जगह-जगह जाम में फंसना पड़ता था, लेकिन अब हाईवे पर इतने पुल बना दिए गए कि यातायात पूरी तरह से सुगम हो गया। उन्होंने कहा कि जेसीबी चौक और बल्लभगढ़ अनाजमंडी में अभी जाम लगता है, लेकिन यहां भी 150 करोड़ का टेंडर खुल गया है, यहां भी पुल बनाया जाएगा, जिससे लोगों को जाम से नहीं जूझना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली-वड़ोदरा-बॉम्बे हाईवे पर एक बार चढने् के बाद देश के किसी भी हिस्से गाजियाबाद, मेरठ, हरिद्वार, ऋषिकेश, जयपुर, खाटू श्याम, माता वैष्णो देवी जा सकते है और इसे ताज एक्सप्रेस और केजीपी के साथ-साथ जेवर हाईवे से भी जोड़ा जाएगा। फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद हाईवे को भी मंजूरी दिलवा दी गई है, जबकि हसनपुर यमुना पर पुल बनाकर उत्तरप्रदेश से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि दस सालों में इतने काम हुए है, जितने काम पिछली सरकारों के बरसों के कार्यकाल में नहीं हुए है इसलिए आप सभी को एक जागरुक और जिम्मेदार नागरिक का दायित्व निभाते हुए आने वाली 25 मई को कमल के बटन का निशान दबाकर नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है ताकि देश और फरीदाबाद सुरक्षित हाथों में रहे। इस मौके पर पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत व विधायक जगदीश नायर ने अपने-अपने संबोधन में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर द्वारा अपनी-अपनी विधानसभाओं में किए गए विकास कार्यो का ब्यौरा लोगों के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि श्री गुर्जर ने क्षेत्र के विकास को हमेशा प्राथमिकता दी है और उन्होंने सराय ख्वाजा से लेकर करमन बॉर्डर तक बिना भेदभाव समान रुप से विकास करवाया है और इसी विकास की बदौलत पृथला और होडल क्षेत्र की जनता उनके पक्ष में भारी मतदान करके इस विकास रुपी ऋण को उतारेगी और उन्हें भारी मतों से तीसरी बार जिताकर संसद में भेजने का काम करेगी। इस अवसर पर लेखराज सरपंच, डा. बलदेव अलावलपुर, दीपक डागर, शभु पहलवान, प्रेम सरपंच, हरकेश शास्त्री, वीरपाल दीक्षित, रमन देव शर्मा, गौरव गौतम, मोनू कालरा, सुरेश भारद्वाज, रामेश्वर दीक्षित, जगदीश शर्मा, ईश्वर दत्त शर्मा, हरेंद्र रामरतन, रामरतन पूर्व विधायक, हरदीप सरपंच, ललित सरपंच, सुशील सरपंच, जितेंद्र सरपंच, महेश सरपंच, ललित सरपंच, अजीत सरपंच, राजू फौजी सरपंच, धर्मेन्द्र सरपंच, वीरेंद्र चेयरमैन, यशपाल मवई, राजकुमार तायल, हरेंद्र रामरतन, शर्मा सरपंच, सुरेश बघेल सरपंच, उमेश जिला पार्षद सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# हरियाणा में इनेलो की बनेगी अगली सरकार : सुनील तेवतिया

## इनेलो प्रत्याशी ने बल्लभगढ़ क्षेत्र में चलाया चुनाव प्रचार अभियान



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** इनेलो प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने आज शहीद राजा नाहर सिंह की धरती बल्लभगढ़ में दर्जनों सभाओं में इनेलो के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान वह जहां-जहां भी गए सैकड़ों की तादाद में लोगों ने सम्मान रूपी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। प्रचार की शुरूआत उन्होंने सुबह हुड्डा मार्किट सैक्टर-2 से की। कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद गांव मुजेसर की चौपाल पर, सराय मोहल्ला, ओल्ड प्रैस कालोनी सुभाष नगर, बल्लभगढ़ मेन मार्किट अम्बेडकर चौक से घंटाघर तक, सीही गेट सीताराम मंदिर, हुडा मार्किट सैक्टर-3 अग्रवाल स्कूल के सामने सभाएं आयोजित की और पदयात्रा कर डोर टू डोर वोट मांगे। इस मौके पर विजय यादव, रविदत्त शर्मा, राजबीर वर्मा, अजय भाटी, रवि भाटी, राजेन्द्र चौहान ने इनेलो प्रत्याशी सुनील तेवतिया व अन्य इनेलो नेताओं का स्वागत किया। चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते हुए इनेलो प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने जनता के समक्ष अमर शहीद राजा नाहर सिंह को नमन करते हुए कहा कि इनेलो ने शहीद राजा नाहर सिंह के परिवार को लोकसभा का टिकट देकर सही मायने में राजा नाहर सिंह का मान बढ़ाया है, क्योंकि बल्लभगढ़ की धरती शहीद राजा नाहर सिंह के बलिदान की गवाह है और इस धरती ने देश को आजाद करवाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। ऐसे में फिर से वक्त आ गया है कि इस आजाद हिन्दुस्तान में भ्रष्टाचारी और जुमले बाजों को अपनी वोट की चोट का अहसास करवाने का। उन्होंने कहा कि आज समूचे प्रदेश में विधायक अभय सिंह चौटाला का राजनैतिक कद बढ़ रहा है और जिस प्रकार से प्रदेश में बदलाव की हवा चल निकली है, उससे साफ है कि हरियाणा में बनने वाली अगली सरकार इनेलो की होगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह विकास, सुशासन और जनता का राज चाहते है, तो आने वाली 25 तारीख को इनेलो के पक्ष में मतदान करें। इस अवसर पर इनेलो जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, कार्यकारी जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, सुरेश मोर, सुरेश वर्मा, रामचरण रोतेला, राज बाला, ओमदत्त नागर, बच्चू सिंह तेवतिया, हरदत्त शर्मा, जयदेव भाटी, युवा जिलाध्यक्ष अजय चौधरी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# 'जातिवाद-धर्म व मंदिर की बात कह लोगों की भावनाओं से खेलने वाली भाजपा को दें वोट की चोट से जवाब'

## एक ही दिन में एक दर्जन चुनावी सभाओं को किया संबोधित

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने आज अपने चुनावी अभियान के तहत एक दर्जन से अधिक चुनावी सभाओं को संबोधित कर लोगों से जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने जहां पलवल जिले हथीन में बडी जनसभा को संबोधित किया वहीं पलवल के बघौला के अलावा अनाज मंडी ओल्ड फरीदाबाद, सदपुरा, जवाहर कॉलोनी, अनंगपुर, पल्ला, तिलपत व अज्जी कॉलोनी में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उनका जगह-जगह लोगों द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया गया और सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एकजुट हो दोनों हाथ उठाकर '25 मई-भाजपा गई' के नारे लगाए।



पलवल जिले के हथीन में पूर्व मंत्री हर्ष कुमार द्वारा आयोजित चुनावी सभा में उपस्थित विशाल जनसैलाब को संबोधित करते हुए कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा हिंदु-मुस्लिम एकता व सोहार्द बनाने की बात की है जबकि भाजपा ने जुम्ले फैंक जातिवाद-धर्म व मंदिर की बात कह लोगों की भावनाओं से खेल वोट हथियाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इस बार यह लड़ाई सिर्फ चुनावी नहीं है बल्कि संविधान व देश को बचाने की भी है। क्योंकि गरीब, दलित व पिछड़ा विरोधी मानसिकता से ग्रस्त भाजपा संविधान को बदलने की बात कह रही है। लेकिन सभी वर्ग मिलकर इस संविधान विरोधी भाजपा को ही बदलने का काम करेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने भाजपा के विरुद्ध लडने. के लिए घोषणापत्र के रूप में सबसे बड़ा हथियार हमें सौंपा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र हर वर्ग की भागीदारी व बीजेपी की हार की गारंटी है। उन्होंने कहा कि

जनसभा में मौजूद हजारों लोगों की हाजरी बता रही है कि आपने भाजपा को हराने का पक्का मन बना लिया है लेकिन इस जोश और उत्साह को बढाते हुए हम सभी को 25 मई तक पूरी तत्परता व सतर्कता के साथ जमीनी स्तर पर काम करते हुए कांग्रेस की घोषणाओं को घर-घर तक पहुंचाना होगा और वोट की चोट से 36 बिरादरी को एकजुट होकर भाजपा को जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि एकता, एकजुटता और भाईचारा ही कांग्रेस की जीत का मंत्र है और किसान की एमएसपी, युवा के रोजगार व व्यापारी की सुरक्षा देने के लिए कांग्रेस की जीत जरूरी है। इस मौके पर सभा के आयोजक पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने कहा कि आज फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार व ईमादारी के बीच चुनावी लडाई है। ऐसे में हमने ईमानदारी को चुनते हुए कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी बाबू महेन्द्र प्रताप सिंह को अपना समर्थन दिया है क्योंकि महेन्द्र प्रताप जी ने पांच बार विधायक और हरियाणा सरकार में केबिनेट मंत्री रहते अपनी बेदाग छवि को दर्शात हुए विकास व रोजगार को बढावा दिया है। उन्होंने जनसभा में मौजूद हजारों की संख्या में लोगों से दोनों हाथ उठवाकर महेन्द्र प्रताप सिंह की जीत दिलाने का आश्वासन दिया।

जनसभा में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड, गोपाल सरपंच, कुमर मैम्बर, रमन सरपंच, अमर चंद, विजय सरपंच,देशराज सरपंच, जोरमल सरपंच, तारा सरपंच, राधाशरण सरपंच, सुखीराम पटवारी, देशराज सरपंच फुलवाडी, इशराईल सरपंच, शिवराम, रविन्द्र, इरसाद, फकरू, तुल्ली, विजन सरपंच, रतन सरपंच बढ़ा, संदीप सरपंच, प्रदीप ब्लॉक मैम्बर, जावेद, अशोक सरपंच, अकरम वकील, टेकी पहलवान, शहीद ठेकेदार, सुन्दर सरपंच आदि अनेकों मुख्यरूप से मौजूद थे।



# पीएम मोदी ने सनातन धर्म की मजबूती के लिए किए काम : नवीन गोयल



**शिव नगर के शनि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कही यह बात**

**भगवान परशुराम जी की जयंती पर उन्हें किया नमन**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** यहां शिव नगर स्थित शनि मंदिर में शुक्रवार को श्रीराम दरबार, बांके बिहारी जी, शिव परिवार और खाटू श्याम बाबा के मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रमुख नवीन गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने भण्डारा में प्रसाद ग्रहण किया और सभी को अक्षय तृतीया के पावन पर्व की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने भगवान परशुराम जयंती की सभी को शुभकामनाएं दीं।

नवीन गोयल ने कहा कि सनातन धर्म की मजबूती से स्थापना करने वाले नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने देश में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। हिन्दुओं के धार्मिक स्थलों को विरोधी ताकतों के चंगूल से छुड़वाने का काम उन्होंने किया है। हर समय सनातन संस्कृति की मजबूती के लिए काम करने वाले ऐसे नेता सदियों में पैदा होते हैं। नवीन गोयल ने कहा कि हमें गर्व है और हम अच्छी किस्मत वाले हैं कि इस दौर में हमने अपनी आंखों के सामने राम मंदिर ना केवल निर्माण, बल्कि उसमें प्राण प्रतिष्ठा होते भी देखी है। अब से पहले इस सपने को लेकर कई पीढ़ियां चली गई हैं। 21वीं सदी का यह सबसे पावन कार्य कहा जा सकता है। जिस मंदिर के निर्माण के लिए असंख्य राम भक्तों ने अपना बलिदान दिया है, वह राम मंदिर आज हमारी आस्था का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है। आस्था के साथ पर्यटन को भी वहां बढ़ावा मिला है।

नवीन गोयल ने कहा कि किसी भी देश के प्रधानमंत्री या उच्च पद पर बैठे व्यक्ति की यही खूब होती है कि वह अपनी संस्कृति, अपने धर्म को किस आधार पर लेता है। उसके लिए कितना काम करता है। विपक्ष जितना भी दुष्प्रचार कर ले, लेकिन देश जानता है कि मोदी जी ने कितनी अधिक क्षमता से, पूरी निष्पक्षता से काम किया है। भगवान परशुराम को नमन करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि त्रेता युग में भगवान परशुराम का अवतार हुआ था। उन्होंने एक ब्राह्मण ऋषि के घर पर जन्म लिया। वे विष्णु जी के छठे अवतार थे। इस अवसर पर एडवोकेट के.एल. यादव, गोलू यादव, सुरेंद्र कुंडू, प्रीतम शर्मा, अनिता यादव, मुनेश आंटी, उमेश कुमार, गणेश कुमार, बलबीर, लोकेश व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# डबल इंजन सरकार ने श्रमिकों की सबसे ज्यादा चिंता की : नायब सिंह सैनी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**करनाल।** करनाल की पुरानी सब्जी मंडी में आयोजित मजदूर सम्मान समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सभी को परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं दी। उन्होंने श्रमिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दस वर्षों में पीएम मोदी ने श्रमिकों के लिए मजबूती से काम किया है। उनकी सरकार ने हर योजनाओं का लाभ श्रमिकों के घर तक पहुंचाने का काम किया है। कोरोना काल में मोदी सरकार ने सभी श्रमिकों के खाते में 500 रूपये और हरियाणा सरकार ने 5000 रूपये दिए हैं। कोई भी भूखा नहीं रहे इसके लिए केंद्र सरकार पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत राशन उपलब्ध करा रही है। डबल इंजन सरकार ने सबसे ज्यादा श्रमिकों की चिंता की है। खाते में श्रमिकों को प्रत्यक्ष रूप से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उधर मजदूर सम्मान समारोह में सीएम नायब सैनी के समक्ष राष्ट्रीय कामगार संघ हरियाणा ने बीजेपी को समर्थन देने का ऐलान किया।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि उनकी सरकार ने शादियों में श्रमिकों के बेटे के लिए इक्कीस हजार और बेटियों के लिए एक लाख एक हजार राशि उपलब्ध कराई। इतना ही नहीं हमारी सरकार ने श्रमिक के बच्चों को स्कॉलरशिप भी दिये हैँ। पीएम मोदी और हरियाणा सरकार ने मजबूत योजनाओं को बनाकर श्रमिकों को हर संभव लाभ देने का काम किया है। हम हमेशा श्रमिकों की योजनाओं का तेज गति देकर लाभ दे रहे हैं। हमारी सरकार ने पीएम आवास योजना,आयुष्मान कार्ड, श्रमिक पेंशन योजना और बीपीएल कार्ड का भी लाभ समुचित ढंग से श्रमिकों को दिया है।

**कांग्रेस की हालत चुनाव में पतली :सीएम**

मजदूर सम्मान समारोह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सीएम सैनी ने कहा कि कांग्रेस की हालत चुनाव में पतली है। कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने का काम करती है। इस चुनाव में कांग्रेस अपना जमानत बचा नहीं पायेगी। कोई पार्टी झूठ बोलकर सत्ता में नहीं आ सकती। उनकी सरकार प्रदेश में पूरी मजबूती से खड़ी है। इस अवसर पर पूर्व सीएम मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, निवर्तमान मेयर रेणुबाला गुप्ता, संजय बठला, बृज गुप्ता, पूर्व पार्षद युद्धवीर सैनी, अनिल सहगल, प्रवीन खुराना, अभिषेक गुप्ता, गौरव जैन, भूषण गोयल, सुशील जैन व एपीएस चोपड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम द्वारा दिखाए सम्मान, दान व न्याय सर्वोपरि : कुलदीप वशिष्ट



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** भगवान परशुराम ने जो माता-पिता का सम्मान, सामर्थ अनुसार दान एवं न्याय सर्वोपरि आदि गुण समाज को दिए उन्हें आज प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में अनुसरण करने की आवश्यकता है। यह बात विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप वशिष्ट ने आनंद गार्डन स्थित श्री सनातन धर्म शिव मंदिर में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के दौरान कहीं, इस अवसर पे सैकड़ो माताओ, बहनो, बुजर्गो व बच्चो की उपस्थिति में भव्य हवन, पूजन व प्रशाद वितरण किया गया। साथ में शहरी जिलाध्यक्ष नरेंद्र गौड़ न कहा कि भगवान परशुराम ने जिस प्रकार अपने माता-पिता के सम्मान किया उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमें भी अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए।

विप्र फाउंडेशन के ग्रामीण इकाई के जिलाध्यक्ष महावीर बोहरा ने बताया कि भगवान परशुराम ने हमारे समाज को दान करने की भावना से प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि हम यदि समर्थ हैं तो जरुरतमंद बच्चों को शिक्षा दिलाने में सहायता कर सकते हैं जिससे हम उस बच्चे की ही नहीं बल्कि राष्ट्र की भी सेवा कर रहें हैं क्योंकि विकसित भारत का स्वपन शिक्षा के माध्यम से ही संपूर्ण हो सकता है।

जिला महासचिव सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि हमें भगवान परशुराम द्वारा बताए हुए रास्ते पर चलते हुए अपने जीवन को सुदृढ़ एवं सुशिक्षित बनाना चाहिए। हमें ईर्ष्या, द्वेष, लड़ाई-झगड़े आदि अवगुणों का परित्याग करते हुए भ्रातभाव, प्रेम और सभी का आदर करते हुए अपने जीवन को सही दिशा देनी चाहिए। शिव मंदिर परिसर में भगवान परशुराम जयंती समारोह के अवसर पर डॉ रोहित शर्मा, विनोद शर्मा मीनू, महेन्द्र शर्मा प्रधान, प्रदीप शर्मा काकु, संदीप शर्मा कैनवीन फाउंडेशन, सनी शर्मा, सुनील शर्मा, किशोर ठाकुर, राहुल गौड़, आचार्य रवि पाठक, राधे पाठक, दया किशन शर्मा, रवि अग्रवाल, भानु, विनय शर्मा, दयाचंद वशिष्ट, जितेंदर भारद्वाज बिल्लु एवं अशोक गौड़ सहित अनेक प्रमुख लोग व जनसमूह मौजूद रहा।

# संविधान परिवर्तन के बारे में झूठ बोल रही कांग्रेस : राव इंद्रजीत

**देश में धर्म के आधार पर नहीं दिया जा सकता आरक्षण**

**मैं बात का पक्का, जो कहता हूं वो करता हूं**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**रेवाड़ी।** गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने आज कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश के विकास पर कांग्रेसी बहस नहीं करते, इसलिए उन्होंने अब दलित वर्ग को बरगलाने के लिए संविधान बदलने का शगूफा छोड़ा है। भाजपा सरकार संविधान बदलने मंशा होती तो फिलहाल बहुमत में है और बदल सकती थी, लेकिन ऐसा न ही किया है और न ही होगा। उन्होंने दावा किया कि भविष्य में भी भाजपा सरकार संविधान नहीं बदलेगी, लेकिन इतना जरूर है कि आरक्षण केवल संविधान के आधार पर दिया जाएगा, मजहब के नाम पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। वे शुक्रवार को अपने चुनावी दौरे के दौरान गांव हांसका, मसान, धारूहेड़ा शहर, महेश्वरी, कापडीवास ट्रक यूनियन जोनियावास सहित करीब दर्जन भर ग्रामीण सभाओं को संबोधित कर रहे थे। गांवों में राव का जोरदार स्वागत किया गया। हांसाका व मसानी में युवा टीम उन्हें मोटर साइकिल के काफिले से सभा स्थल तक लेकर गए।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राव ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर काम करती है। डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिया गया संविधान देश की शान है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विकास के इतने काम कराए हैं कि कांग्रेस भी समझ नहीं पा रही है कि आखिर कौन से विकास को लेकर भाजपा को कटघरे में खड़ा किया जाए। जब उन्हें रास्ता नहीं मिला तो दलितों को वोटों की राजनीति के तहत यह कहकर बरगला रही है, यदि इस बार भाजपा को 400 से अधिक सीटें मिल गई तो वह संविधान बदल देगी, जो सरासर गलत है। राव ने कहा कि सभी जानते हैं कि मैं अपनी बात को बेबाकी से रखता हूं, अन्याय मुझे बर्दाश्त नहीं है फिर चाहे परिणाम जो भी हो। दलितों के हकों पर कभी डाका नहीं डालने दूंगा। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विकास के बहुत से काम कराए गए है। उन्होंने मंच से गांव हांसाका, मसानी सहित विभिन्न गांवों में करोड़ों रुपये के विकास कार्य गिनवाए, जिन पर सभा में मौजूद लोगों ने मुहर लगाई। पत्रकारों के कांग्रेस द्वारा बाहरी उम्मीदवार उतारने के सवाल पर कहा कि हो सकता है, इस क्षेत्र में उनके पास कोई उम्मीदवार नहीं हो। राव इंद्रजीत सिंह ने भावनात्मक तरीके से भी लोगों के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि इस बार मैं चाहता हूं कि गुरूग्राम लोकसभा का नाम पूरे हरियाणा में एक रिकॉर्ड जीत के साथ चमके। इसके लिए यहां के लोगों को थोड़ी और मेहनत यह करनी होगी कि एक-एक वोट बूथ पर पहुंचाएं और कमल के बटन को दबाने के लिए लोगों को तैयार करें। राव ने कहा कि 2019 के चुनाव में उन्हें जिताने में रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र की जनता बावल विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से पीछे रह गई थी। बावल में उनकी जीत 90 हजार से तो रेवाड़ी में 84 हजार से हुई थी, इस बार उनके पक्ष में पडने.वाले वोट अपेक्षाकृत ज्यादा होने चाहिए।

राव ने कहा कि धारूहेड़ा का बाईपास 250 करोड़ से बनाया गया जो भिवाड़ी रोड को जोड़ेगा वहीं मसानी बैराज को नहरी पानी से भरा गया जिससे आसपास के गांवों का जलस्तर ऊचा हुआ है। रेवाड़ी जिले के माजरा गांव में बन रहे एम्स के बारे में उन्होंने कहा कि एम्स यहां के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ रोजगार भी मुहैया कराएगा और आसपास के क्षेत्र की खुशहाली और बढ़ेगी। इस अवसर पर अनेक गांवों के सरपंच जिला परिषद, ब्लॉक समिति के अध्यक्ष, सदस्य गण व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# 35 वर्ष भाजपा में रहने के बाद सूरजपाल अम्मू ने छोड़ी पार्टी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** 35 वर्ष भाजपा में रहने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल सिंह अम्मू ने पद और पार्टी दोनों से इस्तीफा दे दिया है, जिसकी जानकारी उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी लिखित में दे दी है और इसकी प्रति प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी भेज दी है। अम्मू ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर क्षत्रिय समाज के साथ अनदेखी करने का आरोप भी लगाया है। उनका कहना है कि भाजपा के राज में ही महारानी पद्मावत में संजय लीला भंसाली द्वारा क्षत्रिय समाज की भावनाओं से खिलवाड़ करने का दुस्साहस किया गया था, जिसका क्षत्रिय समाज ने विरोध भी किया था। विरोध करने वालों पर झूठे मुकदमे दर्ज कर असंख्य युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ भी किया गया था। इस प्रकार की कार्यवाही भाजपा शासित प्रदेशों में भी की गई थी, लेकिन आज तक युवाओं पर दर्ज किए गए झूठे मुकदमे वापिस नहीं लिए गए हैं। युवा इन मुकदमों को झेलते आ रहे हैं। उनका कहना है कि इसी प्रकार भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने क्षत्रिय समाज की माता-बहनों के प्रति भी अशोभनीय टिप्पणी की थी। गौरतलब है कि सूरज पाल सिंह अम्मू 10 वर्ष की आयु में ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) से जुड़ गए थे और वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) में भी रहे थे। भाजपा में रहते हुए उन्होंने विभिन्न पदों को सुशोभित भी किया था। वह क्षत्रिय समाज की करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने प्रदेश में भाजपा का जनाधार बढ़ाने में भी कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी थी।

# दस सालों में विकास की मुख्यधारा से जुड़ा मेवात : आरती राव

**राव इंद्रजीत ने बिना भेदभाव पूरे इलाके की इमानदारी से की है सेवा**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**तावडू।** बीजेपी हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं गुड़गांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव ने कहा कि पिछले 10 साल में देश का सबसे पिछड़ा समझा जाने वाला जिला मेवात विकास की मुख्य धारा से जुड़ गया है। दशकों तक मेवात के साथ सियासी तौर पर सौतेला व्यवहार किया गया। 2009 में जब से मेवात गुड़गांव लोकसभा का हिस्सा बना, तब से यहां की आवाम की मूल जरूरतें पूरी होने लगी है। पिछले एक दशक में देश प्रदेश के दूसरे हिस्सों के साथ मेवात ने भी विकास के नए आयाम छुए हैं।

आरती राव शुक्रवार को तावडू हलके के गांव सराय, कोटा बिस्सर, खेड़की, बाघनकी, हसनपुर, सबरस, कलवाड़ी, पाड़ा, झामुवास, गुढ़ी, निहालगढ़, शेखपुर, डींगरहेड़ी, सेनका, सहित कई गांवों में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रही थी। गांव में पहुंचने पर लोगों द्वारा आरती राव का भव्य स्वागत किया गया।

आरती ने कहा कि उनके पिता राव इंद्रजीत सिंह ने बिना भेदभाव पूरे इलाके का एक समान विकास किया है। आरती ने कहा कि यह कोई कागजी शिगुफा नहीं बल्कि धरातल पर दिख रहा है। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे, केएमपी ने तावडू इलाके की तस्वीर और तकदीर बदली है। आने वाले दिनों में तावडू पैसेंजर रेल सेवा से जुड़ने जा रहा है। ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर के जरिए इस क्षेत्र के लोग रेल सुविधा के जरिए पलवल व सोनीपत से सीधे जुड़ जाएंगे। इंफ्रास्ट्रक्चर की और भी बहुत सी परियोजनाएं पिछले 10 सालों में पूरी हुई है।

तावडू में बस अड्डे का निर्माण, नई अनाज मंडी भी यहां के लोगों को सहूलिया प्रदान कर रही है। दूसरी पार्टियों के नेताओं ने मेवात के साथ सदा छल किया है, मेवात को केवल वोट बैंक समझा है। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने जनता की दी हुई ताकत का इस्तेमाल जनता के लिए ही किया है। कभी भी अपना निजी स्वार्थ उन्होंने पूरा किया है। उनके पिता चार दशक से बेदाग छवि के साथ ईमानदार राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने इलाके की भलाई के लिए अपना दिन-रात एक किया है। यह चुनाव केवल एक प्रत्याशी के चयन का नहीं है, बल्कि हमें एक-एक वोट विकसित भारत के सपने को सच करने के लिए डालना है। इलाके की देवतुल्य जनता की सहभागिता से विकसित भारत के मजबूत न्यू भाजपा ने पिछले 10 साल में रख दी है। आने वाले 5 सालों में इस नई पर विकसित भारत की बुलंद इमारत तैयार की जाएगी। इसलिए 25 मई को एक-एक वोट कमल के फूल का बटन दबाकर राव इंद्रजीत सिंह, भाजपा और मोदी जी के पक्ष में डालना है। उन्होंने स्वागत और सम्मान के लिए जनता जनार्दन का आभार भी जताया।

# 11 और 12 मई को चलेगा भाजपा का हर बूथ-हर घर संपर्क अभियान : सुभाष बराला



**समाचार गेट ब्यूरो**

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्प पत्र के साथ दो दिन में प्रदेश के हर घर में पहुंचेगी। 11 और 12 मई को विशेष रूप से चलाए जाने वाले हर बूथ-हर घर संपर्क अभियान में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित सभी मंत्री, सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारी हिस्सा लेंगे इसकी जानकारी हरियाणा भाजपा लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने दी। श्री बराला ने बताया कि खुद मुख्यमंत्री श्री सैनी पंचकूला विधानसभा के बूथ नंबर 132 पर रहकर वहां के हर घर में संपर्क करेंगे। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल के अपने बूथ के घरों में पहुंचेंगे। संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा रोहतक नगर के बूथ नंबर 132-133 पर रहेंगे।

सुभाष बराला ने बताया कि वे खुद भी टोहाना के बूथ नंबर 142, 143, 144 पर संपर्क अभियान में हिस्सा लेंगे। जबकि राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ बादली विधानसभाक्षेत्र के बूथ नंबर 80, 81 पर संकल्प पत्र के साथ घर-घर जाएंगे।

सुभाष बराला ने बताया कि अभियान के संयोजक वेदपाल एडवोकेट करनाल विधानसभाक्षेत्र के रसपूलपुर गांव स्थित बूथ नंबर 46 पर जनसंपर्क अभियान करेंगे।

**19 हजार 800 से भी अधिक बूथों के लाखों घरों के दरवाजे पर पहुंचेगी भाजपा**

बराला ने बताया कि हरियाणा के 19 हजार 800 से भी अधिक बूथों के लाखों घरों के दरवाजे पर भाजपा पहुंचेगी और लोगों को समझाएगी कि देश के विकास के लिए भाजपा आगामी वर्षों में कैसे आगे बढ़ेगी।

# सयुक्त भवन निर्माण मजदूर मोर्चा भिवानी-महेन्द्रगढ लोकसभा की सीट पर इंडिया गठबंधन का करेगा समर्थन




**समाचार गेट/सतीश खतरी**

**भिवानी।** संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा हरियाणा की भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा की कन्वेंशन में लिया गया। जिला कन्वेंशन सीटू कार्यालय भिवानी में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा सीटू से उप प्रधान सुमेर सिंह, इंटक से कृष्ण बड़सी, एटक से विक्रम सिंह, आई सी टी यु से कर्णभान ने की। मंच का संचालन भवन निर्माण कामगार यूनियन सम्बंधित सीटू जिला सचिव अनिल कुमार ने किया।

भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा की कन्वेंशन को संबोधित करते हुए भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा सीटू के राज्य महासचिव राममेहर सिंह, इंटक से रामोतार खोरड़ा, एटक से सुबेसिंह, भवन एवं अन्य निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा आईसीटीयू राज्य अध्यक्ष आजाद सिंह मिरान ने कहा कि भाजपा राज में पांच सालों से निर्माण मजदूरो को कोई भी सुविधा नही मिल रही है देश व प्रदेश की भाजपा सरकार झुठा प्रचार करके मजदूरों के साथ मजाक कर रहे है। भाजपा राज में मजदूरो के बोर्ड के करोड़ो रूपये खर्च करके अपने राजनैतिक फायदे के लिए बोर्ड के पैसों का दुरुपयोग करके झूठी वाहीवाही लूटने का काम कर रही है। इसलिए सयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा भाजपा सरकार का चुनाव में विरोध करेगा। क्योकि इस सरकार ने बोर्ड में भ्रष्टाचार व निर्माण मजदूरों को धक्के खाने के अलावा कुछ नही दिया है। रोजाना बेमानी ऑब्जेक्शन व फैमेली आईडी की वजह से ना कोई पंजीकरण हो रहा ना कोई सुविधा दी जा रही है। चुनाव अभियान में भाजपा मजदूरों के सवालों पर कोई चर्चा नही कर रहे है क्योंकि उन्होंने मजदूरों के लिए कुछ किया ही नही है। देश मे महगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र को आज कौड़ियों के भाव बेचा जा रहा है। देश मे साम्प्रदायकता फैलाकर तानाशाही लागू की जा रही है।

यूनियन नेताओ ने कहा कि भाजपा को हराने व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने के लिए सभी हलकों व सभी गांव गांव अभियान चलाया जाएगा। महेंद्रगढ़ जिले की कन्वेंशन 12 मई को तय की गई है सिवानी ब्लॉक की कन्वेंशन 15 मई को किसान भवन सिवानी में की जाएगी। कन्वेंशन का समापन अध्यक्ष मण्डल की ओर से सुमेर सिंह ने किया।

कार्यक्रम में भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के राज्य महासचिव राममेहर सिंह जिला उपप्रधान सुमेर सिंह, जिला सचिव अनिल कुमार, महेंद्रगढ़ जिला उप प्रधान महाबीर सिंह, जिला सचिव शिवकुमार, इंटक से रामोतार खोरड़ा, कृष्ण बड़सी, आई सी टी यू से आजाद सिंह मिरान, जिला सहसचिव आई सी टी यू से कर्णभान, एटक की भवन निर्माण श्रमिक संघ 2041 हिसार मण्डल सूबे सिंह, विक्रम, इत्यादि उपस्थित थे।

# विकास मंत्रालय ने आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के रूप में योग सत्र किया आयोजित



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के रूप में, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडीओएनईआर) ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन एनेक्सी में योग सत्र का आयोजन किया। एमडीओएनईआर के सचिव और अधिकारियों/कर्मचारियों ने विज्ञान भवन एनेक्सी में तैनात सीआईएसएफ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर भारतीय योग की महत्वपूर्ण बातें और उसके लाभों पर चर्चा की। इसके अलावा, एमडीएनआईवाई के योग प्रशिक्षकों और योग अभ्यासियों ने सक्रिय रूप से योग के मार्गदर्शन में भाग लिया। इस कार्यक्रम में समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बहुआयामी योग क्रियाओं को प्रदर्शित किया गया। डोनर सचिव ने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य में योग की भूमिका पर जोर दिया। अब जबकि एमडीओएनईआर योग दिवस की तैयारी की मेजबानी कर रहा है, यह योग के द्वारा स्वास्थ्य और आरोग्य की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। विज्ञान भवन में होने वाला कार्यक्रम योग की सार्वभौमिक पसंद और समकालीन चुनौतियों से निपटने में इसकी स्थायी प्रासंगिकता की याद दिलाता है।

# कालिंदी कॉलोनी में एक घर के अंदर मिले 40 कुत्ते



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जिला प्रशासन ने कालिंदी कॉलोनी में एक व्यक्ति के घर का निरीक्षण किया, जिसमें पता चला कि उन्होंने लगभग 40 कुत्ते पाल रखे हैं। प्रशासन ने उस व्यक्ति को सख्त लहजे में कहा कि किसी भी तरह का बखेड़ा नहीं होना चाहिए। यह निरीक्षण पशु कल्याण संगठनों और निवासियों की शिकायतों के आधार पर किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि कोई बड़ा नियम उल्लंघन नहीं हुआ है, लेकिन कुछ प्रबंधन संबंधी सुधार की आवश्यकता है।

नए फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कालिंदी कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि एक घर में रखे गए कुत्तों को लगातार कैद करके रखा जाता है। उन्हें पर्याप्त खाना नहीं मिलता, उनका इलाज नहीं कराया जाता, और उन्हें गंदगी भरे वातावरण में रखा जाता है, जिससे आसपास के इलाकों में दुर्गंध फैलती है। शिकायत के जवाब में, उप-संभागीय दंडाधिकारी ने 7 मई को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और गैर-सरकारी संगठनों के साथ मिलकर उस घर का निरीक्षण किया जिसके बारे में शिकायत मिली थी। जांच के बाद, एक आदेश जारी किया गया जिसमें पशु कल्याण संगठनों और कुछ निवासियों को नियमित निरीक्षण करने की अनुमति दी गई ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मकान मालिक जानवरों की उचित देखभाल कर रहा है। आदेश में बताया गया है कि जांच के दौरान, घर में अलग-अलग कमरों और मंजिलों पर कुल 39 कुत्ते पाए गए, जिनमें 6 पिल्ले भी शामिल थे।

एसडीएम ने कई आदेश किए जारी

घर में उचित रोशनी, हवा का संचार और गर्मियों में कूलरों का इस्तेमाल करने का आदेश। आदेश में यह भी कहा गया है कि सभी कमरों में जहां कुत्ते रहते हैं, उनकी संख्या हो और बाहर एक प्लेट लगाई जाए, जिस पर कमरे में मौजूद कुत्तों के नाम और संख्या के साथ-साथ उनकी देखभाल करने वाले परिचारकों के नाम भी लिखे हों। सभी कुत्तों को दिन में कम से कम दो बार भरपेट खाना खिलाया जाए। कुत्तों वाले सभी कमरों में हर रोज साफ पानी दिया जाए। पानी के बर्तन कुत्तों वाले कमरों में ही रखे रहें। सभी कुत्तों का नामकरण और क्रमांकन किया जाए और उन्हें कॉलर पहनाए जाएं। आदेश में मकान मालिक, जो निरीक्षण के समय मौजूद था, को सभी कुत्तों को कम से कम 60 मिनट खुले में घूमने या खेलने का समय देने के लिए कहा गया है अन्यथा कुत्ते रात भर रोते हैं और कॉलोनी में परेशानी पैदा करते हैं। कुत्तों को जंजीरों में नहीं बांधा जाए और उन्हें साथ में रहने दिया जाए ताकि उनमें घनिष्ठता बनी रहे। किसी भी कुत्ते को जीवन भर अकेले नहीं रखा जाए। अगर कोई कुत्ता आक्रामक है, तो उसके व्यवहार को सुधारने के लिए उसे कुत्ता प्रशिक्षण जरूर दिलाया जाए।

# कनीना में भाजपा व कांग्रेस पार्टी कार्यालय साथ-साथ संचालित





**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में शुक्रवार को भाजपा के भिवानी-महेंद्रगढ लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी चौ धर्मबीर सिंह के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

इस दौरान नांगल चौधरी के विधायक एवं मंत्री डॉ अभय सिंह, अटेली के विधायक सीताराम यादव, पूर्व मंत्री औमप्रकाश यादव, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, नरेश जागलान, कृष्ण मुरारी सहित मंडल प्रधान, शक्ति केंद्र प्रमुख सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दिलचस्प बात रही कि जिस समारोह स्थल में भाजपा प्रत्याशी का चुनाव कार्यालय खोला गया ठीक उसी के गेट पर कांग्रेस पार्टी का कार्यालय भी संचालित है। ये कार्यालय कांग्रेस पार्टी के पूर्व स्वास्थ मंत्री राव नरेंद्र सिंह की ओर से खोला गया था। कहने का मतलब गेट पर कांग्रेस पार्टी का पहरा और अंदर भाजपा का कार्यालय संचालन। दो राजनीतिक दलों के कार्यालय परस्पर साथ-साथ संचालित होने से कार्यकर्ताओं में चर्चा व्याप्त है।



## संपादकीय

### बंगाल में समस्याओं का अंबार, जनता कहे, अबकी बार 400 पार



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

पश्चिम बंगाल का बैरकपुर संसदीय क्षेत्र औद्योगिक इलाका तो है ही साथ ही इतिहास में इस क्षेत्र का नाम इसलिए भी दर्ज है क्योंकि अंग्रेज शासन के खिलाफ पहला सैन्य विद्रोह यहीं पर हुआ था। 1857 में बैरकपुर की छावनी में ही ब्रिटिश सेना के जवान मंगल पांडे ने अंग्रेज सरकार के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंक दिया था। यह क्षेत्र उत्तर 24 परगना जिले में आता है और पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से लगभग दो घंटे की दूरी पर है। इस इलाके की अधिकतर सड़कें खराब अवस्था में हैं और ट्रैफिक जाम की समस्या यहां काफी विकराल है।

बैरकपुर में आजादी के पहले से ही कई जूट मिलें थीं। सरकारी जूट मिलें तो अब बंद हो चुकी हैं लेकिन कुछ निजी जूट मिलें चल रही हैं जिनमें बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश और बिहार से आये मजदूर काम करते हैं। जूट मिलों में काम करने वाले मजदूरों में लगभग सभी लोग ऐसे हैं जिनके पिता और दादा भी इन मिलों में काम करते थे। यह मजदूर अपने पूर्वजों वाला काम भी कर रहे हैं और लगभग उनके जैसा ही नारकीय जीवन भी जी रहे हैं। इन मजदूरों की बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव दिखा। जूट मिलों के मजदूरों को दैनिक 500 रुपए से भी कम मजदूरी मिलती है यानि लगभग 15000 रुपए मासिक। इस राशि में पूरे परिवार को पालना और खासतौर पर महंगी हो चुकी शिक्षा अपने बच्चों को दिला पाना बहुत कठिन कार्य है। इन मजदूरों का कहना है कि बच्चों को पढ़ाने के लिए उन्हें खाली समय में अन्य काम भी करने पड़ते हैं। उनका यह भी कहना है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा बेहाल है, कोई बीमार पड़ जाये तो आसपास अच्छा अस्पताल तक नहीं है। निजी जूट मिलों की स्थिति भी कुछ अच्छी नहीं है। जूट मिलों के संचालन में राजनीतिक दखलदांजी भी हावी दिखी। इस इलाके में बड़ी संख्या में हिंदीभाषी लोग रहते हैं और वह इलाके में राजनीतिक महत्व रखते हैं। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में करीब 35 प्रतिशत आबादी हिंदी भाषी है। इनकी समस्याओं को सुलझाने के प्रति राज्य सरकार उदासीन है इसलिए इन सभी को मोदी सरकार से ही अब आस है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस बार हम भाजपा के पक्ष में बढ़-चढ़कर मतदान करेंगे क्योंकि हमें उम्मीद है कि उनकी गारंटियां हम सभी का जीवन बदल सकती हैं।

# 6 अलग-अलग मामलों में करीब 1.5 लाख रुपए की कीमत की करीब 50 पेटी अवैध देसी एवं 30 लीटर कच्ची शराब सहित 5 तस्कर आरोपी धरे



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** एसपी पलवल डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव मध्यनजर अलर्ट पलवल पुलिस की शराब तस्करी पर निरंतर कार्यवाही जारी पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव मध्य नजर एक विशेष अभियान शराब तस्करी पर प्रहार करते हुए अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत दिनांक 9 मई 2024 को थाना चांदहट अंतर्गत चौकी अलावलपुर प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार की टीम ने गाँव अलावलपुर निवासी आरोपी को गाँव अलावलपुर चष्ट ईट भट्टा के पास अपनी परचून की दुकान के बहार रखकर अवैध शराब बेचते हुए कुल शराब देशी मार्का मस्ताना 25 पेटी अवैध शराब सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

वहीं दूसरे मामले में थाना चांदहट अंतर्गत चौकी बागपुर में तैनात हेड कांस्टेबल विक्की की टीम ने चौकी अंतर्गत दीवान सिंह की ढाणी के ट्यूबेल पर बन रही कच्ची शराब करीबन 30 लीटर व लान मिश्रण गुड पानी 22 लीटर तथा कच्ची शराब तैयार करने के उपकरण प्लास्टिक कैन व बोतल,भट्टी लोहा ड्रम को बरामद किया मामले में आरोपी फरार है जो जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा। तीसरे मामले में थाना गदपुरी में तैनात सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार ने गदपुरी थाना अंतर्गत ग्राम पृथला निवासी आरोपी को गांव से ही अवैध 100 पव्वा एवं 12 बोतल देशी शराब मस्ताना सहित काबू किया। इसी प्रकार चौथे मामले में गदपुरी थाना अंतर्गत चौकी बघोला प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार ने देवली रोड बघौला पर नाका बन्दी कर गाडी न० ।।क्र29 ृञ्ञ 3496 मार्का सेंट्रो सवार गांव सोतई थाना आई एम.टी. जिला फरीदाबाद निवासी चालक को 5 पेटी पव्वा शराब देशी मार्का मस्ताना 5 पेटी अध्धा शराब देशी मार्का मस्ताना 5 पेटी बोतल शराब देशी मार्का मस्ताना कुल 15 पेटी शराब सहित काबू किया। वहीं पांचवें मामले में थाना सदर पलवल में तैनात सहायक उप निरीक्षक सतवीर ने थाना अंतर्गत गांव पिंगोड़ निवासी आरोपी को गांव से ही 50 पव्वा,48 अद्धा ० 12 बोतल शराब मार्का देशी मस्ताना सहित काबू करने में सफलता हासिल की। वही छठवें मामले में थाना कैंप पलवल में तैनात उप निरीक्षक धर्मपाल की टीम ने जवाहर नगर पलवल निवासी आरोपी को जवाहर नगर कैंप से ही अवैध 100 पव्वा देशी शराब मस्ताना सहित काबू किया। उपरोक्त मामलों में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर किया हवन यज्ञ

**भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की विशेष की पूजा अर्चना**

**अक्षय तृतीया के दिन से हुई दान देने की प्रथा प्रारंभ**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर नगीना में श्री ब्राह्मण चौपाल पर हवन यज्ञ किया गया।ये जानकारी ब्राह्मण समाज नगीना के अध्यक्ष पंडित बाबूराम शर्मा शर्मा ने देते हुए बताया की हवन यज्ञ करने से पर्यावरण शुद्ध होता है तथा और असुरियो शक्तियों का विनाश होता है व्यक्ति को नियमित रूप से यज्ञ हवन करना चाहिए । हवन यज्ञ करने का उद्देश्य जनता में धर्म के प्रति प्रभावना जागृत करना है। सर्वजातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष रजत जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की भगवान विष्णु के दस अवतारों में से छठे अवतार भगवान श्री परशुराम जी का है, और वो आठ चिरंजीवियों में से एक है। सच्चे हृदय- मन से जो भक्तिभाव से पूजा,अर्चना करता है ,वे सभी दुखों से मुक्ति पाकर परम सुख प्राप्त कर अपनी आत्मा का आत्मकल्याण करता है। रजत ने कहां की भगवान परशुराम ने कहा है की माता की कोई जाति नहीं होती और माता किसी की भी हो ,वो सदैव आदरणीय व पूजनीय होती। माता का सदैव मान-सम्मान व आदर-सत्कार करना चाहिए। रजत ने कहा की जीवमात्र के सर्व मंगल,सर्व कार्येषु, सर्व कल्याण के उद्देश्य को लेकर परोपकार की भावना से कार्य करना चाहिए। रजत जैन ने सभी से निवेदन किया मतदान करना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है ।वे चाहे किसी भी दल या व्यक्ति को वोट दे वह उसका स्वयं का निर्णय है। लेकिन देश की उन्नति व तरक्की के लिए अपने मत का प्रयोग अवश्य करें ।लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक-एक मत का विशेष महत्व है। 100 फीसदी मतदाता मतदान कर भारत के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें। और मतदान करने के पश्चात ही व्यक्ति अन्य कार्य करें ताकि वो सुशिक्षित होकर राष्ट्र निर्माण में अपना पूर्ण योगदान दे।प्रभात फेरी हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई। पंडित नंदकिशोर शर्मा के पावन सानिध्य में देश की उन्नति समृद्धि खुशहाली,आपसी प्रेम- सौहार्द की कामना के साथ भगवान परशुराम की पूजा अर्चना-आरती मंत्रोच्चारणो के साथ विधिपूर्वक की गई। प्रसाद भी वितरित किया गया।कार्यक्रम का संचालन रजत जैन ने किया। जैन धर्म में भी है अक्षय तृतीया का महत्व :- अक्षय तृतीया का अत्यंत महत्व है आज के दिन जैन धर्म के वर्तमान चोबीसी के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ने लगभग एक वर्ष पश्चात आहार ग्रहण किया था। रजत जैन नगीना ने बताया की भगवान आदिनाथ ने छह महा की अवधि तक उपवास (व्रत)रखा। उसके पश्चात व आहार लेने के लिए नगर नगर में गए तो जनता को आहार की विधि का ज्ञान न होने के कारण जनता ने उन्हें हीरे जवाहरात आदि देने का प्रयास किया ,लेकिन भगवान आदिनाथ ने उन्हें ग्रहण नहीं किया। इसी प्रकार छह माह का अतिरिक्त समय ओर बिना आहार लिए व्यतीत हो गया। रजत ने बताया की भगवान आदिनाथ का लगभग एक वर्ष का समय बिना आहार के व्यतीत हो जाने के पश्चात वे हस्तिनापुर राज्य पहुंचे तो वहां उनके पौत्र राजा श्रेयांश ने उन्हें आहार में ईख ( गन्ना) का रस दिया। वह दिन अक्षय तृतीया का शुभ दिन था और भगवान आदिनाथ ने लगभग एक वर्ष पश्चात आहार लिया। तभी से दान देने की परंपरा की शुरुआत हुई। इस अवसर पर इस अवसर पर पंडित चक्रदत्त शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता नितिन दुबे ,शिवकुमार आर्य, अनिल जैन, पंडित कमल शर्मा, पंडित मूलचंद शर्मा, सुभाष चंद्र गुप्ता, पंडित दिनेश शर्मा, पंडित नवीन शर्मा,विकास गुप्ता ,सुधीर जैन अनिल जैन मेडिकल स्टोर,नकुल गुप्ता,रजत जैन, नंदलाल प्रजापत, मुकेश सिंगला, मनोहर लाल, सतपाल सैनी, मानक चंद सैनी, हरीश शर्मा ,आनंद गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

## भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी को मिला डॉ. एलसी जोशी का साथ



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** प्रसिद्ध समाजसेवी एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एलसी जोशी ने भिवानी-महेंद्रगढ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह की स्पोर्ट में अपना नामांकन पत्र वापिस लेकर अपना समर्थन दे दिया है। भिवानी- महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिणी हरियाणा में डॉ. एलसी जोशी का जबरदस्त का प्रभाव है, गुड़गांव व रोहतक लोकसभा क्षेत्र में भी उनका अच्छा खासा प्रभाव है। समाज सेवी छवि के चलते उन्हें भामाशाह उपनाम से भी जाना जाता है। माना जा रहा की है डॉ. जोशी के समर्थन से कांग्रेस को भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ गुरुग्राम व रोहतक लोकसभा क्षेत्र में भी लाभ मिलेगा। डॉ.जोशी के कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से घनिष्ठ सबंध है। उनके समर्थन से कांग्रेस पार्टी को दक्षिणी हरियाणा मे कितना लाभ मिलेगा, यह तो उनके चुनाव प्रचार में शामिल होने बाद ही पता चलेगा।

## राट्रीय राजमार्ग 152डी पर कट की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी



**13 मई को राव इंद्रजीत सिंह पंहुच सकते हैं धरना स्थल पर**

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बागोत के बीच वाहनों के लिए एंट्री-एगिजट कट छोडने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 425वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता रामभगत बागोत ने की। उन्होंने कहा कि इस समय शासन-प्रशासन का पूरा ध्यान लोकसभा चुनावों पर केंद्रीत है। सरकार की लोकलुभावन कार्यप्रणाली की वजह से कट का कार्य अटका पडा है। जबकि धरनारत ग्रामीण भीषण गर्मी में कट के निर्माण का उद्देश्य लेकर धरने पर डटे हुए हैं। लोकसभा उम्मीद्वार धरना स्थल पर पंहुचकर ग्रामीणों को कट बनाने का आश्वासन दे रहे हैं। संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को जानबूझकर अनदेखा कर रही है। उन्होंने कहा कि 230 किलोमीटर लम्बा यह नैशनल हाइवे महेंद्रगढ जिले के विभिन्न गावों से होकर गुजर रहा है। जबकि इसके लाभ से दर्जनों गांव वंचित हैं। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की ओर से बीते समय यहां पर कट देने का आश्वासन दिया गया था। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के भी 13 मई को धरना स्थल पर पंहुचने की संभावना है। कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर सतपाल पोता, नरेंद्र शास्त्री, रणधीर पहलवान, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह,धर्मपाल सिंह,विजयपाल ,मुंशी राम, सूबे सिंह,बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार,मांगेराम,हेमराज,वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, मनोज, शेर सिंह,रोशन आर्य,मनीराम हाजिर थे।

## राज्य महिला आयोग हरियाणा की वाइस चेयरपर्सन ने वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सोनिया अग्रवाल वाइस चेयरपर्सन ने वन स्टॉप सेंटर नूंह का औचक निरीक्षण किया। सोनिया अग्रवाल ने वन स्टॉप सेंटर में आई हुईपीड़ित महिलाओं से उनकी समस्याओं को जाना और संबंधित अधिकारो को उनकी त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए और पीड़ित महिलाओं को चेयरपर्सन ने आश्वासन दिया की हर संभव न्याय दिलाया जायेगा और कहा आपको घबराने की जरूरत नही है आप अपने हक की लड़ाई लड़े, हम सदैव आपके साथ है।कोई भी महिला अपनी शिकायत के लिए राज्य आयोग हरियाणा की मेल आईडी ayogmahila@gmail.com पर अपनी शिकायत भेज सकती है।जिस पर हर संभव महिलाओं को न्याय दिलाया जायेगा। वन स्टॉप सैंटर प्रभारी अशफाक अली ने कहा कि उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा व जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी के मार्गदर्शन मे वन स्टॉप सैंटर में जरूरतमंद महिलाओं को एक ही छत के निचे परामर्श की सुविधा, चिकित्सा, पुलिस सहायता, आपातकालीन, आश्रय कानूनी सहायता प्रदान की जा रही है। आज तक महिलाओं के 1033 मामले आये हेमहिलाओं की जिम्मेदारी सिर्फ घर तक ही सीमित नहीं है बल्कि समाज के कल्याण में भी महिलाओं की अहम भूमिका है। 'वन स्टॉप सेंटर्ज़ को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने तैयार किया हे यह एक ऐसी व्यवस्था, जहां हिंसा या अन्य किसी तरह से प्रभावित महिला सभी तरह की मदद एक ही छत के नीचे एक साथ पा सकती ऐसे सेंटर्स को स्थापित करने की जरूरत को लेकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जोर दिया गया था। ताकि महिलाओं को समय पर न्याय मिल सके। राज्य महिला आयोग हरियाणा कि वाइस चेयर पर्सन सोनिया अग्रवाल ने महिलाओं की समस्या का समाधान समय पर कराने के सख्त आदेश दिए। इस दौरान फरखुंदा, अफसरदा, सुनीता देवी, सुदेश कुमारी बाल कल्याण परियोजना अधिकारी नूंह, सोनिका, गीता महिला सिपाही उपस्थित रही।

## नूंह में कांग्रेस प्रत्याशी के लोकसभा चुनाव कार्यालय का महताब अहमद ने किया उद्घाटन



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह बस अड्डे के विपरीत गुड़गांव अलवर रोड पर एक हॉल में पीसीसी सदस्य महताब अहमद के नेतृत्व में गुड़गांव लोकसभा चुनाव के लिए कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उनके साथ इलाके के दर्जनों लोग मौजूद रहे जिन्होंने कांग्रेसी प्रत्याशी राज बब्बर की जीत के लिए संकल्प लिया।

पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि हाल ही में राज बब्बर नूंह जिला कॉंग्रेस मुख्यालय सहित तीनों विधानसभाओं में आए, कल भी नूंह जिले के तावडू में प्रचार प्रसार तेज गति से आगे बढ़ रहा है। आज नूंह में चुनावी कार्यालय की भी शुरुआत कर दी गई है।

एक सवाल के जवाब में कॉंग्रेस नेता ने कहा कि प्रदेश में और नूंह जिले में कॉंग्रेस की आँधी है, मौजूदा सरकार जनता का विश्वास तो पहले ही खो चुकी थी और अब विधायकों का भी समर्थन नहीं बचा है और अल्पमत में आ गई है, नैतिकता के आधार पर सरकार से हट जाना चाहिए लेकिन जनता उन्हें धकेल कर हटाने जा रही है।

## कैश के आवागमन की एसएसटी टीमों सख्ती से कर रही हैं मॉनिटरिंग: जिला निर्वाचन अधिकारी

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में आदर्श आचार संहिता की सख्ती से पालना की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में एफएसटी व एसएसटी टीमें फील्ड में सक्रिय रूप से चैकिंग अभियान चला रही हैं। आदर्श आचार संहिता के तहत 50 हजार से अधिक की नकदी के आवागमन के लिए वाजिब दस्तावेज पेश करना होगा। उन्होंने बताया कि अगर टीमों द्वारा कैश पकड़ा जाता है तो जांच के दौरान संबंधित व्यक्ति को बताना पड़ेगा कि वह धनराशि कहां और किस लिए ले जा रहा है। रुपये बैंक से निकाले गए हैं या किसी अन्य स्त्रोत से लिए गए। उस स्त्रोत का भी विवरण देना होगा। प्रस्तुत किए गए अभिलेख सही न पाए जाने पर उड़नदस्ते दल आदर्श आचार संहिता नियमावली के अन्तर्गत धनराशि को जब्त कर लेगा। बैंकों द्वारा 50 हजार से अधिक की नकदी की निकासी पर क्यूआर कोड दिया जाएगा। टीमों द्वारा चेकिंग के समय इस क्यूआर कोड को दिखाना जरूरी होगा। इसके अलावा 10 लाख रुपये से अधिक कैश पकड़े जाने पर उक्त मामले को इनकम टैक्स विभाग के हवाले किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में चुनाव को प्रभावित करने की वस्तुओं की धरपकड़ के लिए एआरओ व टीमों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में



फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

# फ्लैट में मिला केयर-टेकर का शव, बंधे हुए थे हाथ-पैर




**समाचार गेट/एजेंसी**

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के करीब दो साल बाद भी गाजियाबाद में अपराध कम नहीं हो रहा है। यहां बदमाश लगातार मर्डर, लूट और चोरी की वारदात करके पुलिस के इंतजामों की पोल खोल रहे हैं। डीएलएफ अंकुर विहार कॉलोनी की एक पॉश सोसायटी में एक कारोबारी के फ्लैट में उसके केयर टेकर की हत्या कर दी गई। उसका शव बुधवार देर शाम को हाथ-पैर बंधे हुए नग्न अवस्था में बरामद हुआ। हत्या कई दिन पहले की गई थी। फ्लैट से बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने मौके पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान सिकंदर रॉय (50) के रूप में हुई है। सिकंदर मूलरूप से गांव देहरवा थाना तिरईया मोतिहारी बिहार का रहने वाला था। फिलहाल वह उस्मानपुर पुस्ता से नीचे घोंडा दिल्ली में किराये के मकान में रह रहा था। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के बिरला मंदिर के पास रहने वाले नोएडा में गारमेंट कंपनी के एक्सपोर्टर हैं। उन्होंने काफी समय पहले अंकुर विहार कॉलोनी के पार्थ अपार्टमेंट में ग्राउंड फ्लोर पर ए-3 फ्लैट खरीदा था। कुछ समय उनका एक बेटा इसी फ्लैट में रहा लेकिन उसका मन नहीं लगा और वह भी वहां से चला गया। तब उनका फ्लैट खाली पड़ा था लेकिन सभी सामान उसमें मौजूद था। ऐसे में इस फ्लैट की देखरेख का जिम्मा उन्होंने सिकंदर रॉय को सौंपा था।

**पुलिस की मौजूदगी पर सवाल**

जिले में हत्या, लूट, चोरी और स्नैचिंग की बढ़ती वारदात से पुलिस की मौजूदगी पर सवाल उठ रहे हैं। पिछले एक महीने में यहां 10 मर्डर हो चुके हैं, जबकि हत्या के प्रयास, चोरी, लूट और स्नैचिंग के भी कई मामले हैं। पुलिस लगातार सुरक्षा के दावे करती है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है।

# फर्क नहीं पड़ता पर्चा भरने के बाद उपेंद्र कुशवाहा का बड़ा बयान



**समाचार गेट/एजेंसी**

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने शुक्रवार को काराकाट लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया। समर्थकों के साथ पहुंचे उपेंद्र कुशवाहा ने नामांकन दाखिल करते हुए कहा कि उनका किसी से कोई टक्कर नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले एक दशक में काफी काम किए हैं, जिससे जनता काफी प्रभावित हुई है। काराकाट के लोग लगातार विकास के लिए वोट करते हैं और एक बार फिर एनडीए प्रत्याशी को अपना समर्थन देकर दिल्ली भेजेंगे। उपेंद्र कुशवाहा ने निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दिया। इस सीट पर उनका मुकाबला इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राजाराम सिंह कुशवाहा से है। फिर भी पवन सिंह के मैदान में उतरने से काराकाट में मुकाबला त्रिकोणीय होता दिख रहा है। काराकाट में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के तहत एक जून को मतदान होगा।

पवन सिंह के चुनाव में लड़ने के बारे में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि न तो वे उनसे प्रभावित हैं और न ही जनता पर इसका कोई असर दिख रहा है। उन्होंने कहा कि अगर पवन सिंह खुद को भाजपा का सदस्य बताते हैं तो भारतीय जनता पार्टी को उनकी चिंता करनी चाहिए। हमें उनकी चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पवन सिंह के चुनाव लड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ता है। उपेंद्र कुशवाहा से एक दिन पहले गुरुवार को भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया था।

**काराकाट में एनडीए की जीत होगी**

उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले एक दशक में बहुत काम किया है, जिसकी वजह से लोगों में उनके प्रति गहरी आस्था है। साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया है। वे लोगों के बीच काफी चर्चा में हैं। इसलिए सभी समाज के लोग हमें समर्थन दे रहे हैं और एनडीए उम्मीदवार के तौर पर हमारी जीत सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सीट एनडीए के हक की है। जनता ने हमें 2014 से 2019 तक मौका दिया है। एक बार फिर एनडीए की जीत होगी।

# एम्स में अब कैश का काम खत्म, हर जगह सिर्फ ऑनलाइन पेमेंट




**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एम्स के कैफेटेरिया में अब लेन-देन के लिए कैश सिस्टम को खत्म कर दिया गया है। यहां पूरी तरीके से डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था लागू कर दी गई है। दावा है कि इसके लागू होने से लेन-देन में पारदर्शिता रहेगी। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि इस व्यवस्था से ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को थोड़ी दिक्कत झेलनी पड़ सकती है।

**एम्स ने कहा- इससे आएगी पारदर्शिता**

जानकारी के मुताबिक, एम्स में ओपीडी से लेकर अन्य जांच काउंटर समेत सभी जगहों पर डिजिटल पेमेंट की सुविधा लागू कर दी गई थी। साथ ही अब कैफेटेरिया में भी इस व्यवस्था लागू करने के आदेश एम्स के डायरेक्टर डॉ एम श्रीनिवास ने दिया है। उनके मुताबिक, एम्स में 100 प्रतिशत डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था लागू होने से लेनदेन में पारदर्शिता आएगी और लोगों को कैश लेकर चलने से राहत मिलेगी। एम्स में अब केवल स्मार्ट कार्ड, यूपीआई, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड के जरिए ही डिजिटल पेमेंट किया जाएगा।

**गांव से आने वाला मरीज क्या करेगा**

एम्स के ओपीडी, जांच काउंटर और कैफेटेरिया को फुली डिजिटल करने से गांव के आने वाले लोगों के लिए खासा दिक्कत होगी। असल में गांव से आने वाले लोग और अधिकतर लोग कैश में ही लेनदेन करने में विश्वास रखते हैं। यूपीआई पेमेंट उनके लिए थोड़ा कठिन पड़ता है। देश में अभी भी लोग कैश साथ लेकर ही यात्रा करते हैं, यही उनके लिए आसान भी है। यह भी सत्य है कि दिल्ली एम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीज यूपी, बिहार और फिर बाकी राज्यों के होते हैं।

# ट्रैक पर चले रहे काम के चलते ट्रेनें हुई रद्द




**समाचार गेट/एजेंसी**

**रतलाम।** रतलाम रेल मंडल में चल रहे ट्रैक मरम्मत कार्य के कारण कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। यह निरस्तीकरण रेलवे लाइन के दोहरीकरण के कारण किया जा रहा है। इनमें से कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि कुछ के मार्गों को बदल दिया गया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के रौली-डॉ.अम्बेडकर नगर स्टेशन यार्ड के बीच लाइन के दोहरीकरण का काम चल रहा है। जिसके कारण राजधानी भोपाल से गुजरने वाली कुछ पैसेंजर ट्रेन गाड़ियों को भी निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा इंदौर, उज्जैन, रीवा आदि जगहों से आने वाली ट्रेनें भी प्रभावित होंगी ।

**ये ट्रेनें होंगी प्रभावित**

इंदौर स्टेशन पर ओरिजीनेट होने वाली ये ट्रेनें इंदौर-डॉ.अम्बेडकर-इंदौर के बीच निरस्त रहेगी। जिनमें श्री माता वैष्णोदेवी कटरा- डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस दिनांक 10 मई से 27 मई तक निरस्त रहेगी । इसके अलावा भोपाल-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस 11 मई से 27 मई तक कैंसिल रहेगी। कामाख्या अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 12 मई से 23 मई को निरस्त रहेगी यशवंतपुर अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 14 मई से 26 मई के बीच निरस्त रहेगी इसके अलावा नागपुर-डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 15 मई से 21 मई के बीच निरस्त रहेगी उज्जैन स्टेशन डॉ.अम्बेडकर- उज्जैन के मध्य निरस्त होने वाली ट्रेनों में बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 10 मई से 27 मई तक रीवा-डॉ.अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 12, 14, 16, 19, 21, 23 एवं 26 मई को तथा डॉ. अम्बेडकर नगर से रीवा आने पर 13, 15, 17, 20, 22, 24 एवं 27 मई को निरस्त रहेगी।

# नैनीताल के इस मंदिर में दर्शन पर क्यों लगी रोक?



**समाचार गेट/एजेंसी**

**देहरादून।** नैनीताल जिले के रामनगर में स्थित प्रसिद्ध गर्जिया देवी मंदिर में आज से लेकर 10 जून तक श्रद्धालुओं के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। 30 जून के बाद ही श्रद्धालु मां गर्जिया देवी के दर्शन कर सकेंगे। इसके साथ ही कोसी नदी में स्नान पर भी पाबंदी लगाई गई है। स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति के पदाधिकारी ने यह निर्णय लिया है। मंदिर के टीले में बढ़ती दरारों के ट्रीटमेंट के लिए मंदिर समिति और स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर फिलहाल दर्शनों पर रोक लगाई है। सुप्रसिद्ध गर्जिया देवी मंदिर कोसी नदी के बीचो-बीच एक ऊंचे टीले पर स्थित है। वर्ष 2010 में आई बाढ़ के बाद के कारण मंदिर के टीले में भी दरारें आ गई थी। उस समय इन दरारों को मामूली मानकर इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिसके बाद ये दरारें लगातार बढ़ने लगी। साल 2021 में ज्यादा दरारें दिखाई दीं, जिससे मां गर्जिया देवी मंदिर को तो खतरा उत्पन्न हो ही गया था।

मंदिर में दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी यह बेहद खतरनाक था, जिसके चलते टीले पर सुरक्षात्मक कार्य करने का निर्णय लिया गया। सिंचाई विभाग ने पूर्व में भी तिरपाल लगाकर मंदिर के इस टीले की मरम्मत का काम शुरू किया था लेकिन बीच में ही इस काम को रोक दिया गया था।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी मंदिर का निरीक्षण कर मंदिर के जीर्णोद्धार और टीले के मरम्मत के कार्य के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया था। मंदिर के टीले में लगातार बढ़ रही दरारों के कारण मंदिर और श्रद्धालुओं को किसी तरह का नुकसान न हो, इसे लेकर तहसीलदार कुलदीप पांडे ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों, दुकानदारों, सिंचाई विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ वार्ता की, जिसके बाद निर्णय लिया गया कि मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा।

गर्जिया मंदिर में श्रद्धालु मां गर्जिया देवी से मन्नत मांग कर बावड़ घास या चुनरी की गांठ बांधते हैं। मनोकामना पूरी होने पर श्रद्धालु उस गांठ को खोलने के लिए मंदिर में आते हैं। मान्यता है कि यह मंदिर महाभारत कालीन है। जहां राजा विराट ने पांडवों को अज्ञातवास के दौरान रहने की अनुमति दी थी। राजा विराट ने इसी स्थल पर मां गर्जिया की कठोर तपस्या की थी। राजा विराट की तपस्या से प्रसन्न होकर मां गर्जिया देवी ने उन्हें मोक्ष का वरदान दिया था।

# 13 मई से स्कूलों को खोलने का दिया गया आदेश



**समाचार गेट/एजेंसी**

रांची झारखंड के मौसम में बदलाव के बाद अब सभी स्कूल 13 मई सोमवार से खुल जाएंगे। इसे लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया गया।

इससे पहले स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से 29 अप्रैल को जारी आदेश में राज्य में अत्याधिक गर्मी और लू के कारण आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया गया था। जबकि कक्षा पवीं से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11.30बजे तक संचालित करने का दिशा निर्देश जारी किया गया था।

अब मौसम में परिवर्तन को देखते हुए झारखंड राज्य में सभी कोटे के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त-सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) और सभी प्राइवेट स्कूल में केजी से ऊपर की क्लास 13 मई 2024 के प्रभाव से अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित किए जाएंगे।

## कनीना मंडी में 12 को आयोजित होने वाला हृद्य एवं नेत्र रोग जांच शिविर रद्द

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** सेवा भारती की ओर से कनीना मंडी स्थित लाला शिवलाल की धर्मशाला में प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को लगने वाला हृद्य एवं नेत्र रोग जांच शिविर इस बार रद्द कर दिया गया है। शिवकुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रेमचंद गुप्ता के बेटे के आकस्मिक निधन के चलते शिविर का आयोजन स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि 12 मई रविवार को शिविर का आयोजन किया जाना था। जिसे रद्द कर दिया गया है। इस शिविर के माध्यम से चिकित्सकों की टीम मरीजों की जांच कर दवा व चश्मे वितरित करती है।

## कनीना कोर्ट में आज लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**कनीना।** आज शनिवार को एजडीजेएम न्यायालय कनीना में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अदालत में दीवानी,रिकवरी, चालान, मोटर व्हीकल एक्ट, परिवार वाद सहित विभिन्न प्रकार के परिवाद रखे जाऐगें। जिनका आपसी सहमति से निपटारा किया जायेगा। लोक अदालत में केसों की सुनवाई के लिए बैंच का गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष जेएमआईसी प्रवीन कुमार व सद्स्य के रूप में अधिवक्ता ओपी यादव रामबास को शामिल किया गया है। लोक अदालत में दोनों पक्ष हाजिर होकर आपसी सहमति से अपने परिवादों का निपटारा कर सकते हैं।






# जनता के भीतर बीजेपी के प्रति निकल रहा लोगों का रोष : भूपेन्द्र हुड्डा

## फरीदाबाद के एक दर्जन निवर्तमान पार्षदों ने भाजपा छोड थामा कांग्रेस का हाथ



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जनता के भीतर बीजेपी के प्रति जितना रोष है, कांग्रेस के लिए उतना ही उत्साह है। मौजूदा सरकार से सिर्फ बदमाश, भ्रष्टाचारी और नशे के कारोबारी खुश हैं। बाकि जनता बीजेपी की नीतियों और कार्यप्रणाली से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में भाजपा छोड कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं का तांता लग रहा है।

श्री हुड्डा शुक्रवार को अपने निवास पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कांग्रेस के फरीदाबाद लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में फरीदाबाद नगर निगम के एक दर्जन निवर्तमान पार्षदों ने भाजपा छोडकर कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान कर दिया। सभी निवर्तमान पार्षदों को कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कांग्रेसी पटका पहनाकर उन्हें विधिवत कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराकर उन्हें पार्टी में पूरा सम्मान देने का आश्वासन देते हुए उनसे पार्टी प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह के चुनाव प्रचार में जुट जाने की अपील की।

कांग्रेस में शामिल होने वाले निवर्तमान पार्षदों में दीपक चौधरी, राव महेंद्र, ऋषि चौधरी, महेंद्र सरपंच, कैलाश बैंसला, हेमा बैंसला, जयवीर खटाना, शीतल खटाना, ब्रह्मवती खटाना, ओमवती कंवर के पति निहाल पहलवान, संदीप भारद्वाज, विकास भारद्वाज आदि मुख्यरूप से शामिल हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा वोट मांगने के लिए जनता के बीच जा रही बीजेपी के पास गिनवाने के लिए एक भी काम नहीं है। ना ही उसके पास भविष्य के लिए कोई रोडमैप है। जबकि कांग्रेस अपने विकास कार्यों और घोषणापत्र के नाम पर वोट मांग रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में फरीदाबाद सीट पर निगम पार्षदों की भगदड़ मच गई है। इसी का परिणामें है कि करीब एक दर्जन निवर्तमान पार्षदों ने कांग्रेस का दामन थामने की घोषणा की है और कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप का हाथ थामा है। कांग्रेस में शामिल होने वाले इन पार्षदों का कहना है कि वह नगर निगम में लूट और भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं। इसलिए कांग्रेस का साथ दे रहे हैं। कांग्रेस ने भी स्थानीय निकायों को तंग नहीं किया और पार्षदों के अधिकार क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश नहीं की।

उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला हो गया और उनकी आवाज तक नहीं सुनी जा रही है। विकास कार्यों के बारे में उनकी सुनी नहीं जा रही है। सरकार की निरंकुशता के खिलाफ हमारे पास महेंद्र प्रताप का समर्थन करने के अलावा कोई रास्ता ही नहीं बचा था। हम इस चुनाव और इसके बाद रा'य में निरंकुश भाजपा शासन को बदलने जा रहे हैं। पूर्व पार्षद कैलाश बैंसला व निवर्तमान पार्षद हेमा बैंसला ने बताया कि उनके अपने गांव में करीब डेढ़ करोड़ रुपये का नाला कागजों में बन गया और उसकी पेमेंट भी हो गई। ऐसा भ्रष्टाचार हमने जीवन में नहीं देखा। इसलिए हमने परिवर्तन का निर्णय लिया है। सभी निवर्तमान पार्षदों ने लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह को आश्वासन दिया कि वह एक अभियान चलाकर भाजपा की सच्चाई लोगों के समक्ष रखकर कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताएंगे। इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी पार्षदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने फरीदाबाद में जो बदलाव की शुरूआत की है वह उसे और बढ़ाएं और कांग्रेस के प्रचार अभियान में जुट जाएं।

# महेंद्र प्रताप की जीत में बल्लभगढ़ विधानसभा का रहेगा सर्वाधिक योगदान : मनोज अग्रवाल

## मनोज अग्रवाल के द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क कार्यक्रम की रिपोर्ट देख गद्गद हुए कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है। समाज का हर वर्ग कांग्रेस के समर्थन में है और इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी ऐतिहासिक जीत की दहलीज़ पर खड़ी है। यह कहना है बल्लभगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल का जोकि अपनी टीम के साथ फरीदाबाद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप से उनके निवास पर मिलने पहुंचे थे। इस दौरान मनोज अग्रवाल ने बल्लभगढ़ की पीसीसी डेलीगेट और महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव प्रियंका मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में बल्लभगढ़ विधानसभा में महेंद्र प्रताप के समर्थन में चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान की रिपोर्ट भी साझा की, जिसके सकारात्मक परिणाम को देखकर महेंद्र प्रताप ने मनोज अग्रवाल की पीठ थपथपाते हुए कहा की यह चुनाव तानाशाहों को देश की सत्ता से बाहर करने और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। भाजपा की हवा अब खत्म हो चुकी है, आज़ादी की लड़ाई में भी बल्लभगढ़ का एक अहम योगदान था और आज इस निर्णायक लड़ाई में भी बल्लभगढ़ का योगदान उल्लेखनीय ही रहेगा। महेंद्र प्रताप ने मनोज अग्रवाल की जमीनी मेहनत को सराहते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। इस दौरान मनोज अग्रवाल ने कहा की भाजपा ने फरीदाबाद को विकास के मामले में पीछे धकेल दिया है, जो फरीदाबाद कांग्रेस राज में विश्व के मानचित्र पर औद्योगिक रुप से चमकता था, आज यहां से उद्योग पलायन हो रहे है, बेरोजगारी बढ़ रही है, लेकिन भाजपाई कागजों में विकास की बात करके लोगों को गुमराह कर रहे है, लेकिन अब जनता भाजपाईयों के झूठे प्रलोभनों में कतई आने वाली नहीं है। फरीदाबाद के वर्तमान भाजपा सांसद ने खुलेआम लूट मचा रखी है, लेकिन अब बदलाव का वक्त आ गया है और इस चुनाव में जनता अपनी वोट की चोट से भाजपा का सूपड़ा साफ करने के लिए कटिबद्ध है। इस दौरान मुख्य रूप से कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय त्यागी, महिला कांग्रेस महासचिव सोनू चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक रावल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबूलाल रवि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रताप शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र चौहान, युवा कांग्रेस (रिसर्च विभाग) के लोकसभा अध्यक्ष शुभम कसाना, परमानंद भड़ाना, धर्मवती, कन्हैया लाल शर्मा, धनराज, अब्दुल, आदिल, राकेश कुमार, कुंदन नंबरदार, शलभ गर्ग, जीतेश मित्तल, सुमित गोयल, पारस जैन, मनोज सिंगला, आजाद सैनी, पुष्पेंद्र पांचाल सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुंदर लाल चुघ

## देश की जनता को मोदी जी पर भरोसा, देश में खिलेंगे 400 कमल : राजकुमार वोहरा



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भारत की अर्थव्यवस्था को चोटी पर पंहुचाने का कार्य किया, जिससे देश की जनता मजबूत हुई है। देश के विकास के साथ मोदी जी को गरीब की चिंता है, इसलिए मोदी जी लगातार महिला, युवा, किसान और गरीब इन सभी वर्गों को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। जनता के साथ अन्य पार्टियों के नेताओं का विश्वास भी भाजपा और मोदी में बढ़ा है, अन्य दलों के नेता मोदी जी की नीतियों से प्रभावित होकर लगातार भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुंदर लाल चुघ भाजपा में शामिल हुए, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने उनको भाजपा का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल किया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री आर.एन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता युधिष्ठर शर्मा, शेर सिंह भाटिया, पार्षद बीर सिंह नैन, जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, सतीश फागना, पंकज कौशिक, आभास अग्रवाल, तिलकराज कथूरिया, संदीप विधूड़ी, भारत भडाना, रोहित सरपंच, जवाहर कालोनी मार्किट के प्रधान नीरज भाटिया आदि भाजपा कार्यकर्त्ता और इलाके के सम्मानित जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंजाबी विकास सभा के प्रधान राजीव बत्रा त्रिलोकचंद गुल्यानी, ओमप्रकाश मक्कड़, मुलख राज, अंकित श्योरायण आदि काफी सम्मानित लोगों भाजपा का पटका पहनकर भाजपा की सदस्यता ली। जवाहर कालोनी मंडल महामंत्री दर्शन लाल कुकरेजा ने अपने कार्यालय पर पंजाबी समाज की सभा रखकर उसमे जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा का सम्मान किया। भाजपा में शामिल होने के बाद सुंदर लाल चुघ ने जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा और अन्य भाजपा नेताओं के साथ घर घर जन संपर्क किया और कृष्णपाल गुर्जर के लिए वोट मांगे। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि विरोधियों के पास कोई चेहरा नहीं है, भाजपा के पास विश्व का सबसे लोकप्रिय नेता मोदी है और मोदी जी पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। देश के 140 करोड़ लोगों को मोदी जी की गारंटी पर पूरा विश्वास है। गरीब का कोई भला कर सकता है तो वो मोदी जी है जनता के आशार्वाद से फरीदाबाद में कृष्णपाल गुर्जर 10 लाख पार वोटों के साथ कमल खिलाएंगे और देश की जनता 400 सीटों पर कमल खिलाकर तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएगी।

# चुनावों में कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही : जिला निर्वाचन अधिकारी

**कहा– प्रशासन और मतदाताओं को आपसी सहयोग से चुनावों को बनाना है सफल, लापरवाही की नहीं कोई गुंजाईश**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आम लोकसभा चुनाव-2024 में कानूनों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए जो लोगों नियमों की उलंघना करते पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ स्पष्टीकरण जारी करके आयोग के निर्देश पर आरपी अधिनियम 1950, आरपी अधिनियम 1951 और भारतीय दंड संहिता में प्रावधान हैं, जो चुनावों के संबंध में चुनावी अपराधों के लिए मतदाता सूची में या किसी भी प्रविष्टि को शामिल करने या बाहर करने के संबंध में झूठी घोषणा करने के संबंध में अपराधों से जुड़े हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि मतदाताओं और प्रसाशन को आपसी सहयोग से मिलजुल कर आम लोकसभा चुनवा-2024 को सफल बनाना है और किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश नहीं छोड़नी है। उन्होंने चुनाव के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रावधानों का किसी भी प्रकार का कोई भी उल्लंघन प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत दंडनीय है। इसके लिए चुनाव अधिकारियों ईआरओ, आरओ और डीईओ को गैर-संज्ञेय अपराध के मामले में सक्षम न्यायालय के समक्ष शिकायत दर्ज करके और एफआईआर दर्ज करवाकर ऐसे अपराधों के दोषी पाए गए व्यक्तियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। इसके अलावा यदि कोई गैर-संज्ञेय अपराध पाया गया है, तो मुखबिर/शिकायतकर्ता सीआरपीसी की धारा 155(1) के तहत मजिस्ट्रेट से संपर्क करें। उसके बाद, मजिस्ट्रेट धारा के तहत स्वतंत्र रूप से कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है।

**धारा 188 के तहत दंडनीय अपराध के संबंध में यह है जानकारी**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में आदर्श आचार संहिता के अधिनियम धारा -188 के तहत दंडनीय अपराध के संबंध में हालांकि यह संज्ञेय अपराध है, मेन या फ्लाईन डास्टा सीआरपीसी की धारा 154(1) के तहत पुलिस द्वारा कोई शिकायत दर्ज नहीं की जाएगी, लेकिन, पंचनामा में धारा 154(1) के तहत धारा 188 के तहत भी शिकायत दर्ज नहीं की जा सकती है, लेकिन पंचनामा में अपराध की धारा 188 के तहत कोई भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। अंतः गवाहों की संख्या, भारत के चुनाव आयोग द्वारा प्रदत्त शक्ति के आधार पर और उसके बाद, भारत के चुनाव आयोग के सदस्यों को सीआरपीसी की धारा 200 के साथ पढ़ने वाली धारा 2 (डी) के तहत याचिका दर्ज करने के लिए अधिकृत किया जा सकता है। सीआरपीसी की धारा 195(1)(ए)(iii) के अनुसार मजिस्ट्रेट के सममूल्य पर आधारित या फिर मजिस्ट्रेट डेमोक्रेसी ले सकता है और सीआरपीसी की धारा 204 के तहत प्रक्रिया जारी कर आदेश जारी कर सकता है।

# फर्जी डॉक्टर क्लीनिक चलाते हुए किया गिरफ्तार



**स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ थाना खेड़ीपुल पुलिस टीम के साथ की छापामारी**

**आरोपी कंपाउंडर का काम सीख, पिछले 1 साल से चला रहा था क्लीनिक**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेन्ट्रल जसलीन कौर के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए खेडीपुल थाना पुलिस प्रबंधक की टीम ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए फर्जी क्लीनिक चलाते हुए डॉक्टर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम सत्यजीत है। आरोपी खेडीपुल की यमुना इंक्लेव धीरज नगर पार्ट-2 का रहने वाला है। आरोपी ने बंगाली हेल्थ सेंटर के नाम से क्लीनिक खोल रखा है। आरोपी के खिलाफ CHC खेडी कलां पर एक शिकायत प्राप्त हुई जिसपर पर कार्रवाई करते हुए एक डॉक्टर नीरज कौशिक (एम.ओ.) के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई के साथ थाना पुलिस टीम शामिल थी। बनाई गई टीम ने बंगाली क्लीनिक पर जाकर सत्यजीत से क्लीनिक संबंधी दस्तावेज मांगी तो आरोपी दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। जिसे मेडिकल टीम ने पुलिस टीम की सहायता से मौके पर ही काबू कर लिया। आरोपी के खिलाफ सिविल सर्जन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से मौके पर SPOT MEMO, ORIGINAL COPY OF MEDICINE LIST (बरामद), COPY OF AADHAR CARD OF SH SATYAJIT MANDAL AND A CARD BOARD BOX FILLED WITH MEDICINES (बरामद) EQUIPMENTS WRAPPED WITH WHITE TAPE WHITE BANDAGES SEALED WITH TOTAL EIGHT (8) SEALS NAMES AS (NK) OVER IT बरामद किए गए हैं। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि आरोपी पिछले 1 साल से क्लीनिक चला रहा है। आरोपी ने कंपाउंडर का काम सीखा था उसके बाद अपना क्लीनिक चला रहा था। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# फरीदाबाद में वोट डालने के लिए नहीं करना पड़ेगा अब लंबा इंतजार

**क्यू ऐप मैनेजमेंट से घर बैठे पता कर सकेंगे मतदान केंद्रों पर लगी मतदाताओं की लाइन की जानकारी**

**फरीदाबाद जिला की तीन विधानसभा क्षेत्रों में वोटर इन क्यू नामक ऐप होगी संचालित**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** मतदाताओं की सुविधा के लिए चुनाव आयोग व जिला प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ रहा। हर मतदाता को मतदान केंद्र तक लाने व मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन प्रयासों के तहत ही क्यू ऐप मैनेजमेंट लोंच किया गया है, जिसकी सहायता से मतदाता घर बैठकर ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लाइन की जानकारी हासिल कर सकेंगे। वोटर इन क्यू ऐप की सहायता से ऑनलाइन जानकारी हासिल कर मतदाता सुविधानुसार मतदान कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा में पिछले लोकसभा चुनाव में हुए 70 प्रतिशत मतदान को इस बार 2024 के लोकसभा चुनावों में 75 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। इस कड़ी में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, हरियाणा ने 'वोटर इन क्यू' नाम से एक ऐसी ऐप लॉन्च की है, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केन्द्रों पर लगने वाली लाईनों की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने जानकारी दी कि 25 मई, 2024 को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विभिन्न शहरी विधानसभा क्षेत्रों में वोटर इन क्यू नामक ऐप संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा के आम चुनावों में मतदान के लिए मतदाताओं को अब घंटों लाइन में खड़े नहीं होना पड़ेगा। एनआईसी हिसार ने इक्यूएमएस हरियाणा नाम से वोटर्स इन क्यू मैनेजमेंट मोबाइल एप्लीकेशन बनाया है जिससे मतदाताओं को अपनी बारी का पता लग जाएगा। यह मोबाइल एप्लीकेशन एंड्राइड प्ले स्टोर पर उपलब्ध होगी। जिसके लिए आज जिला के तीन विधानसभा क्षेत्रों (86, 87 और 89) में बूथ केंद्रों पर बीएलओ द्वारा क्यू एप का सफल परीक्षण किया गया। साथ ही बीएलओ इसकी ट्रेनिंग भी दी गयी। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि इस ऐप की मदद से मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली लाइनों में मतदाताओं की संख्या को लाइव देख सकते हैं, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केन्द्र पर जा सकते हैं। कई बार मतदाता लाईन लंबी होने को देखकर वोट डाले बिना ही वापिस चले जाते हैं। लेकिन अब इस ऐप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल ऐप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मोबाइल ऐप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद ऐप में बताएगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में खड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस मोबाइल एप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है।

## चुनाव का पर्व : मतदाता जागरूकता के लिए गुरुग्राम वॉकथॉन संडे को

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिला में मतदाता जागरूकता के लिए जिला प्रशासन द्वारा रविवार की सुबह राजीव चौक से सुभाष चौक तक वॉकथॉन आयोजित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव रविवार की सुबह छः बजे वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। गुरुग्राम शहर में एक्टिव वॉकिंग ग्रुप्स, विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ी, आरडब्ल्यूए व राहगीरी फाउंडेशन के सहयोग से पांच किलोमीटर लंबी वॉकथॉन में हजारों प्रतिभागी भागीदारी करेंगे। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं एडीसी हितेश कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि वॉकथॉन के माध्यम से जिला प्रशासन का यह प्रयास रहेगा कि आगामी 25 मई को होने वाले मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो। वॉकथॉन के आइडिया को आरडब्ल्यूए तथा वॉकर्स ग्रुप्स में काफी पसंद किया जा रहा है। इस इवेंट में भागीदारी बनने वाले अपने आस-पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी जिला में मतदाता जागरूकता के अनेक प्रयास जारी है। वॉकथॉन एक यूनिक आइडिया है और इस इवेंट को लेकर उत्साह भी नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा।

# यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस कर्मचारियों को दी ट्रेनिंग



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत डीसीपी ट्रैफिक उषा के नेतृत्व में आज आईआरटीई कॉलेज (IRTE- institute of road traffic education) मानव रचना के पास में पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। इस प्रशिक्षण के दौरान एसीपी ट्रैफकि जीतेश मल्होत्रा एवं ट्रैफकि इंस्पेक्टर सतीश कुमार तथा ट्रैफकि इंस्पेक्टर दर्पण सिंह एवं सभी ज़ोनल अधिकारी सहित फरीदाबाद के सभी थाना एवं चौकी के अनुसंधान अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आज सूरजकुण्ड रोड पर स्थित सड़क एवं यातायात शिक्षा संस्थान में पुलिस कर्मचारियों को सड़क दुर्घटना की रोकथाम एवं एविडेंस कलेक्शन और बेहतर यातायात के संचालन को सुनिश्चित करने के संबंध में विशेष ट्रेनिंग दी गई। इस प्रशिक्षण के दौरान रोड इंजीनियरिंग एवं बेहतर संचालन के तथ्यों पर विशेष रूप से चर्चा की गई एवं डीसीपी ट्रैफिक द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर किस तरह अंकुश लगाकर यातायात संचालन को बेहतर बनाया जा सकता है इस संबंध में विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

सड़क दुर्घटना के बचाव में यातायात पुलिस द्वारा लगातार वाहन चालकों को यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा रहा है जिसमें उन्हें सड़क पर यात्रा करते समय यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा के संबंध में विशेष तौर पर जानकारी दी जाती है। वाहन चालकों को सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने , तय की गई गति सीमा में वाहन चलाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, अवैध पार्किंग न करने सहित अन्य यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जाता है परंतु कुछ वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए यातायात नियमों का पालन नहीं करते इसलिए उनके खिलाफ विशेष अभियान चलाकर चालान किए गए हैं। फरीदाबाद पुलिस का लगातार प्रयास रहता है कि शहरवासियों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा सके और यात्री सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सके। इसलिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें ताकि उनका सड़क दुर्घटना से बचाव हो सके। फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा यात्रा सुधार व ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर चालान काटने का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपी मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जसलीन कौर के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई थाना पल्ला पुलिस प्रबंधक समेर सिह की पुलिस टीम पुलिस चौकी नवीन नगर ने वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपियो को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में निरज (22) और सुशांत सिंह (22) का नाम शामिल है। आरोपी निरज सपेरा बस्ती मोलडबंद दिल्ली का तथा आरोपी सुशांत सिंह गांव बिछमा जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश हाल जैतपुर दिल्ली का रहने वाला है। दोनों आरोपियो को पुलिस चौकी नवीन नगर इंचार्ज अमरजीत की टीम एएसआई अशोक, मुख्य सिपाही सत्यवान की टीम ने मौका दुर्गा बिल्डर से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से बरामद मोटरसाइकिल नवीन नगर एरिया से चोरी की गई थी। जिसका मुकदमा थाना पल्ला में दर्ज है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए आए थे। आरोपी नशा करने के आदी है नशे की पूर्ती के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते है जो



दोनों ने दिल्ली में छोट-छोटी करीब 10/12 वारदातों को अंजाम दिया है जिनका पुलिस में कोई रिकॉर्ड नही है। दोनों आरोपियो को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

# शराब तस्कर गिरफ्तार, देशी शराब की 1056 बोतल बरामद



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह के द्वारा दिए गए दिशा- निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए थाना धोज प्रबंधक शिवचरण की टीम पुलिस चौकी मांगर ने शराब तस्करी करने वाले आरोपी को गाडी में अवैध शराब तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बब्लू (37) वासी गांव खेडा कोरई जिला आगरा उत्तर प्रदेश हाल में डीएलएफ फेज 3. गुरुग्राम का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस चौकी मांगर इंचार्ज सतीश कुमार की टीम ने नाका लगाकर आरोपी को चेकिंग के दौरान यूनाईटिड पैट्रोलियम पम्प के पास से गाडी में शराब की बोतल सहित काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 1056 देशी शराब मार्का रसीला संतरा की बरामद हुई है। आरोपी के खिलाप थाना धोज में शराब तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शराब को फरीदाबाद से खरीद कर दिल्ली में पैसे कमाने के लालच में स्पलाई करता है। आरोपी पर पूर्व में गुरुग्राम में भी शराब तस्करी का मुकदमा दर्ज है। आरोपी को मुकदमें में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# लोकसभा चुनाव से संबंधित शिकायत सामान्य, व्यय और पुलिस ऑब्जर्वर से करें : विक्रम सिंह



**जनरल ऑब्जर्वर, एक्सपेंडिचर आब्जर्वर और पुलिस ऑब्जर्वर से चुनाव सम्बंधित सीधे करे शिकायत**

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 से संबंधित शिकायतें आम जनता द्वारा जनरल, एक्सपेंडिचर और पुलिस ऑब्जर्वर से की जा सकती हैं। जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए जनरल ऑब्जर्वर (10-फरीदाबाद पीसी) आईएएस श्री अक्षय कुमार सिंह को नियुक्त किया गया है। अगर किसी भी व्यक्ति को फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव से संबंधित कोई भी समस्या अथवा शिकायत है तो वह सेक्टर-16 स्थित सर्किट हाउस में प्रतिदिन दोपहर 12 से 01 बजे तक उनसे मिलकर उनके समक्ष रख सकता है। इसके साथ ही मोबाइल नम्बर 9205362958 पर भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वहीं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव खर्च निगरानी के लिए एक्सपेंडिचर आब्जर्वर श्री पिंगले सतीश रेड्डी जिनका मोबाइल नंबर 9540109292 है, को बड़खल, बल्लभगढ़, तिगावं और फरीदाबाद विधान सभा के लिए नियुक्त किया गया है। सूरजकुंड स्थित राजहंस होटल कार्यालय में सुबह 9:00 से 11:00 बजे तक समस्या सुनेगे। वहीं लोक सभा क्षेत्र में चुनाव खर्च एक्सपेंडिचर आब्जर्वर श्री विष्णु बजाज जिनका मोबाइल नंबर 9540108787 है को हथीन, होडल, पलवल, पृथला व फरीदाबाद एनआईटी विधान सभा क्षेत्र में निगरानी के लिए नियुक्त किया गया है। सूरजकुंड स्थित राजहंस होटल कार्यालय में सुबह 9:00 से 11:00 बजे तक समस्या सुनेगे। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ड्रक्क- शंकर चौधरी जिनका मोबाइल नंबर 9999778811 है को ला एण्ड ऑर्डर लोक सभा आम चुनाव फरीदाबाद के लिए पुलिस ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है और यह सेक्टर-16 स्थित सर्किट हाउस में 12 से 1 बजे तक रूम नंबर 1 में समस्या सुनेगे।

# देशी पिस्तौल व जिंदा रोंद के साथ शराब तस्करी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी की कार से 437 बोतल बरामद



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-65 प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम ने देशी पिस्तौल व जिंदा रोंद के साथ शराब तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी पवन (31) वासी विजय नगर बल्लबगढ़ का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम मुख्य सिपाही संदीप, संदीप सिपाही संदीप व नवीन ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान सेक्टर 65 डिवाडिंग रोड एरिया से काबू किया है। आरोपी से कार में 437 बोतल व देशी पिस्तौल व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना आदर्श नगर में अवैध हथियार व शराब तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देशी शराब को शाहुपुरा ठेके से करीब 70000/-रु में खरीद कर जवाहर कॉलोनी ले जा रहा था। आरोपी शराब तस्करी का काम करता है। आरोपी पर पूर्व में भी 7 मुकदमें शराब तस्करी, अवैध हथियार व स्नैचिंग के थाना आदर्श नगर, मुजेसर और शहर बल्लबगढ़ में दर्ज है। आरोपी देशी पिस्तौल व जिंदा रोंद को कासगंज आगरा में किसी व्यक्ति से 25000/-रु में वारदात को अंजाम देते समय लोगो में भय बनाने के लिए खरीद कर लाया था। आरोपी को अवैध हथियार की जानकारी के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# गांजा तस्करी करने वाली महिला 950 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-65 प्रभारी की टीम ने नशा तस्करी करने वाली महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार महिला आरोपी रामेती गांव जवा बल्लबगढ़ की रहने वाली है। आरोपी महिला को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से जाट चौक शाहुपुरा आदर्श नगर से काबू किया है। महिला की तलाशी लेने पर 950 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी महिला के खिलाफ थाना आदर्शनगर में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिला से पूछताछ में सामने आया कि महिला गांजा को दिल्ली मदन गिरी किसी अनजान व्यक्ति से मुनाफा कमाने के लिए 7000/-रु में खरीद कर लाई थी। महिला गांजा को जवा गांव के भट्टे पर बेचती थी। आरोपी महिला की जवा गांव में परचुन की दुकान है। आरोपी महिला को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।






समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# ढेरों को मिल रहा है इनकम टैक्स का नोटिस




**समाचार गेट/एजेंसी**

इनकम टैक्स नोटिस से अच्छे-अच्छे की हवा निकल जाती है। अगर आप के पास अचानक एक दिन इनकम टैक्स का नोटिस आ जाए तो ये आपके लिए बड़ा सिरदर्द हो सकता है। लेकिन इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से नोटिस जारी करने के पीछे कई तरह के कारण होते हैं। हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक विभाग की गाइडलाइन के तहत ऐसे टैक्सपेयर्स जिनकी तरफ से इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के नोटिस का जवाब नहीं दिया गया है, उनके मामलों की जांच अनिवार्य कर दी गई है।

**कब जारी होता है इनकम टैक्स नोटिस?**

इनकम टैक्स की धारा 142 (1) के तहत यह नोटिस तब जारी किया जाता है जब टैक्सपेयर्स ने टैक्स रिटर्न दाखिल नहीं किया हो। या किसी बैंक इंटरेस्ट, किसी प्रॉपर्टी के बेचने पर मिले लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन/लॉस से जुड़ी जानकारी हासिल करने के लिए नोटिस जारी किया जाता है। यह केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) द्वारा हाल ही में जारी गाइडलाइंस का हिस्सा है।

**क्यों जारी होता है इनकम टैक्स नोटिस?**

आयकर अधिनियम की धारा 142(1) इनकम टैक्स अधिकारियों को रिटर्न दाखिल किए जाने की स्थिति में एक नोटिस जारी कर जानकारी मांगने का अधिकार देती है। जिन मामलों में रिटर्न दाखिल नहीं किया गया हो उन्हें तय तरीके से आवश्यक जानकारी पेश करने को कहा जाता है। इसके अलावा इनमें सर्वेक्षण के मामले, तलाशी एवं जब्ती के मामले, टैक्स इवेशन के मामले, ऐसे मामले जिनमें इन्क्वॉयरी नोटिस के जवाब में कोई आयकर रिटर्न फाइल नहीं की गई है, को कवर करते हैं।

**नॉन रजिस्ट्रेशन या रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने के मामले भी शामिल होते हैं?**

इसके अलावा इनमें विभिन्न धाराओं के तहत नॉन-रजिस्ट्रेशन, रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने से संबंधित मामले भी शामिल हैं। उदाहरण के लिए टैक्स बेनिफिट के लिए एलिजिबल होने के लिए चैरिटेबल संगठनों के रजिस्ट्रेशन से जुड़े मामले होते हैं।

इसके अलावा, अगर पिछले किसी साल में टैक्सपेयर्स की इनकम में बढ़ोतरी की गई थी तो इनकम टैक्स रिटर्न को अनिवार्य स्क्रूटनी गाइडलाइन के तहत लिया जाएगा। दिशानिर्देशों में आयकर अधिकारियों और नेशनल फेसलेस असेसमेंट सेंटर (NFAC) की भूमिका और जिम्मेदारियां भी तय की गई हैं।

# जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर में लगातार आ रही गिरावट




**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी की कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर में लगातार गिरावट आ रही है। आज भी सुबह से शेयर गिरावट के साथ लाल निशान पर कारोबार कर रहा है। शेयर अपनी गिरावट के सभी रिकॉर्ड तोड़ चुका है। जियो फाइनेंशियल ने अपने एक महीने के पहले सपोर्ट लेवल को तोड़कर आज एक नया लो बनाया है। शेयर में लगातार गिरावट से निवेशकों को हर दिन नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस गिरावट की वजह शेयर में लगातार हो रही बिकवाली है। बीते 23 अप्रैल के बाद से जियो के शेयर में हर दिन गिरावट देखी जा रही है। यह शेयर कल भी गिरावट के साथ बंद हुआ था। बीते एक महीने में यह 6 फीसदी से ज्यादा नीचे गिर चुका है। शेयर दोपहर दो बजे के करीब 346.20 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

**क्यों आ रही गिरावट**

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की लिस्टिंग पिछले वर्ष 21 अगस्त को हुई थी। यह क्चस्श्व पर 265 रुपये और हस्श्व पर 262 रुपये पर पोस्ट हुआ था। 19 जुलाई के कारोबारी दिन के अंत में जिन-जिन शेयरहोल्डर्स के पास रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर्स थे, उन्हें 1:1 के रेश्यो में जियो फाइनेंशियल के शेयर मिले थे। रिलायंस इंडस्ट्रीज से डिमर्ज होने के बाद जियो फाइनेंशियल ने बीते 6 महीनों में निवेशकों को 63.51% का रिटर्न दिया है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, स्टॉक में बड़ा मूवमेंट देखने को मिल रहा है। इस शेयर को लॉन्ग टर्म के लिए होल्ड करके रखा जा सकता है। शेयर जब 395 रुपये के लेवल से ऊपर निकलेगा तो इसमें स्ट्रांग मोमेंटम देखने को मिलेगा। इसके बाद इसमें 450 तक के लेवल देखने को मिल सकते हैं।

# हर्ष गोयनका ने पुरानी तस्वीर पर लिख दी ऐसी मजेदार बात



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर मुकेश अंबानी , आनंद महिंद्रा और हर्ष गोयनका की एक पुरानी तस्वीर को काफी पसंद किया जा रहा है। यह फोटो लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। इस तस्वीर में तीनों दोस्त हंसते हुए नजर आ रहे हैं। हर्ष गोयनका ने इस फोटो को एक्स पर पोस्ट किया है। फोटो को शेयर करते हुए हर्ष गोयनका ने लिखा है कि तीन पुराने दोस्त: एक जो अपनी बैलेंस शीट के आकार में नंबर वन है। एक जो सम्मान के मामले में पहले नंबर पर है। वहीं एक अपनी कमर के साइज में पहले स्थान पर है। इस फोटो पर लोग जमकर कमेंट कर रहे हैं। कुछ लोगों ने इस तस्वीर को द्बष्थ्ठ्ठद्ब बताया है तो वहीं कुछ ने हर्ष गोयनका के मजाकिया कैप्शन की तारीफ की है। इस पोस्ट को अभी तक हजारों लोग देख चुके हैं। इसपर अभी तक 450 से ज्यादा लाइक मिल चुके हैं। यह फोटो लोगों को खूब पसंद आ रही है। इस पोस्ट को शेयर किए जाने के कुछ ही समय बाद अभी तक 19 हजार से ज्यादा लोग देख चुके हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। एक यूजर्स ने फोटो पर लिखा है कि अच्छे और पुराने दोस्तों की जगह कोई और नहीं ले सकता है। वहीं एक दूसरे यूजर्स ने लिखा कि बहुत बढ़िया! जिंदगी इससे बेहतर कैसे हो सकती है। एक यूजर्स ने लिखा कि दोस्त तो बस दोस्त होते हैं।

**सोशल मीडिया पर रहते हैं एक्टिव**

बता दें कि हर्ष गोयनका आरपीजी ग्रुप के चेयरमैन हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। हर्ष गोयनका की सोशल मीडिया पर बड़ी फैन फॉलोइंग है। अभी बीते दिनों हर्ष गोयनका ने शेयर की कीमतों को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने शेयर की कीमतों में हेरफेर का आरोप लगाया है और सेबी और वित्त मंत्रालय से इस मामले में हस्तक्षेप करने और जांच करने का आग्रह किया था।

# फ्लैट देने में की देरी, लौटाना होगा ब्याज सहित पूरा पैसा



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एनबीसीसी को फ्लैट का कब्जा देने में देरी का दोषी मानते हुए खरीदार को उसका पूरा पैसा ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया। 2012 में बुक कराए गए फ्लैट के न मिलने से खरीदार को जो मानसिक कष्ट पहुंचा, उसके लिए पांच लाख रुपये हर्जाने के रूप में उसे दिए जाने का एनबीसीसी को निर्देश मिला। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने एनबीसीसी को घर खरीदार को ब्याज सहित 76 लाख रुपये से अधिक राशि वापस करने के लिए कहा। कोर्ट ने कहा कि घर खरीदना किसी व्यक्ति या परिवार का अपने जीवनकाल में किए गए सबसे अहम निवेशों में से एक है। कोर्ट ने कहा कि इसमें अक्सर सालों की बचत, सावधानीपूर्वक योजना और भावनात्मक निवेश शामिल होता है। इसलिए गड़बड़ी होने पर घर खरीदने वालों को क्षतिपूर्ति देना पिछली गड़बड़ी को सुधारने के साथ भविष्य इस तरह की चीजों को रोकने का भी मामला है।

**जानिए क्या है मामला**

मौजूदा याचिका एक रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी ने दायर की थी। इसमें कहा गया कि उसने 2012 में गुरुग्राम के लिए शुरू की गई परियोजना 'एनबीसीसी ग्रीन व्यू अपार्टमेंट'में फ्लैट खरीदा था। लेकिन 2017 में 76 लाख रुपये से अधिक की पूरी कीमत का भुगतान करने के बावजूद उन्हें फ्लैट नहीं मिला। हाई कोर्ट ने आठ मई को पारित आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता को पिछले 10 साल से उसके पैसे से वंचित किया गया है। ढांचागत दिक्कतों के रूप से खराब घरों का निर्माण किया गया, जिससे परियोजना पूरी तरह से अधर में लटक गई।

# शेयर बाजार की चाल से डर गए म्यूचुअल फंड इन्वेस्टर्स?




**समाचार गेट/एजेंसी**

**मुंबई।** इस साल के चार महीनों में ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सिर्फ फाइनेंशियल स्टॉक्स से ही 46,000 करोड़ रुपये निकाले हैं। इस वजह से बाजार में खूब गिरावट दिख रही है। इसी का असर है कि बीते अप्रैल में इक्विटी म्यूचुअल फंड के इनफ्लो में कमी देखी गई। निवेशकों द्वारा लार्ज कैप स्कीमों में निवेश कम करने से इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में करीब 18,917.08 करोड़ रुपये का निवेश आया। यह मार्च के मुकाबले 16.42 पर्सेंट कम है। इस साल मार्च में 22,633 करोड़ रुपये और फरवरी में 26,866 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया ने गुरुवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।

**स्मॉल कैप में लौटे निवेशक**


पिछले महीने 94.17 करोड़ रुपये के आउटफ्लो के बाद स्मॉल कैप फंड फिर से निवेश हासिल करने में कामयाब रहे। इक्विटी कैटेगरी में ELSS और फोकस्ड फंडों को छोड़कर सभी में अप्रैल में इनफ्लो देखा गया। लार्ज-कैप फंड में इनफ्लो तेजी से घटकर 357 करोड़ रुपये रहा। मार्च में यह 2,128 करोड़ रुपये था।

**SIP निवेश रेकॉर्ड 20,000 करोड़ के पार**

भारतीय निवेशकों ने अप्रैल के दौरान सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान में रेकॉर्ड 20,371 करोड़ रुपये का निवेश किया। यह पहली बार है कि मंथली इन्वेस्टमेंट 20,000 करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया। मार्च महीने में SIP में 19,270 करोड़ रुपये का निवेश आया था। अप्रैल में मंथली SIP में 6% की बढ़ोतरी हुई है। 20,000 करोड़ रुपये का यह आंकड़ा सिर्फ डेढ़ साल में हासिल हो गया है। मंथली SIP योगदान सितंबर 2022 में 10,000 करोड़ रुपये से दोगुना होकर लगभग डेढ़ साल में 20,000 करोड़ रुपये हो गया है।

# बीपीसीएल के शेयर में आया तूफानी उछाल



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयरों में बंपर उछाल देखा जा रहा है। शेयर अभी 4 फीसदी से ज्यादा उछाल के साथ 618.25 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

शेयर में आज सुबह से ही तेजी देखने को मिल रही है। सुबह शेयर 615 रुपये के स्तर पर खुला था।

इसने 621 रुपये का हाई बनाया है। बीते दिनों कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। कंपनी ने 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के एक स्टॉक के साथ एक बोनस शेयर देने पर बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। वहीं निवेशकों के लिए भारत पेट्रोलियम ने 210 फीसदी फाइनल डिविडेंड देने का भी ऐलान किया है। चौथी तिमाही में भारत पेट्रोलियम का मुनाफा बढ़ा है। इसी के साथ ही कंपनी की इनकम में भी बढ़ोत्तरी हुई है। भारत पेट्रोलियम लिमिटेड ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। इसमें निवेश करने वाले मालामाल हो गए हैं।

**4 बार दिए हैं बोनस शेयर**

इसके बाद से बीपीसीएल की ओर से निवेशकों को 4 बार बोनस शेयर दिए जा चुके हैं।

ऐसे में मौजूदा समय में निवेशक के पास शेयरों की संख्या बढ़कर 91080 होती। आज भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के शेयर की कीमत 618 रुपये के करीब है। ऐसे में अगर किसी निवेशक ने शेयरों को होल्ड किया होता तो आज उसके निवेश की वैल्यू करीब 5 करोड़ रुपये हो चुकी होती।







